● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 192, पृष्ठ : 08, सीधी, शनिवार, 24 अगस्त 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ

इसरो प्रमुख ने की पीएम मोदी की सराहना 5

कार्तिक को अचानक मांगनी पड़ी माफी 6

मप्र में जिओ स्पेशियल टेक्नोलॉजी को प्रोत्साहित करने के लिए गतिविधियां की जाएंगी संचालित : डॉ. यादव

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी सेटेलाइट के बहुआयामी उपयोग में स्थानीय स्तर पर सहभागिता को प्रोत्साहित करने से विकास प्रक्रिया को गति मिलेगी। अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी तकनीक का क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए प्रदेशवासियों के जीवन को बेहतर बनाने और विकास की प्रक्रिया में जिओ स्पेशियल टेक्नोलॉजी के उपयोग को बढ़ाने के लिए राज्य में हर स्तर पर गतिविधियां संचालित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान में जिओ स्पेशियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में महिलाओं के क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित संगोष्ठी के अवसर पर यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ.

यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पहले राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस 23 अगस्त को टचिंग लाइव्स व्हाइल टचिंग द मून शीर्षक से यह संगोष्ठी राज्य शासन द्वारा इसरो, राष्ट्रीय महिला आयोग, रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी और अर्थसाइट फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई। संगोष्ठी में राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव सुश्री मीनाक्षी नेगी, राम भाऊ म्हालगी प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय उपस्थित थीं। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव सुश्री नेगी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का महिला आयोग की गतिविधियों पर केंद्रित डिजीटल बुक भेंट की। कार्यक्रम में सुशासन संस्थान के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री लोकेश शर्मा भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी क्षेत्रों में महिलाओं को उन्नति के अवसर उपलब्ध कराने में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विशेष योगदान है। देश में महिलाएं सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के साथ-साथ अंतरिक्ष विज्ञान जैसे विशिष्ट के क्षेत्र में भी उपलब्धियां अर्जित कर रही हैं। कोविड काल में वैक्सीन बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में खगोल शास्त्र का विशेष स्थान रहा है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में ग्रहों और उपग्रहों का उल्लेख तथा इस संबंध में विभिन्न अवधाराणाएं इस तथ्य का परिचायक हैं। भारतीय पंचांग पद्धति में तिथियों की विस्तृत व्याख्या और सटीकता भी भारतीय खगोल शास्त्र की विश्वसनीयता को दर्शाती हैं। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य सचिव सुश्री मीनाक्षी नेगी ने कहा कि जिओ स्पेशियल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में क्षमता संवर्धन से जनप्रतिनिधियों के लिए विकास गतिविधियों के संबंध में निर्णय लेना सुगम होगा। इस तकनीक से विकास गतिविधियों में अधिक पारदर्शिता और गति आएगी। प्रबोधिनी के उपाध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जियो स्पेशियल तकनीक के क्षेत्र में दक्षता संवर्धन के लिए भारत सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आरंभ किया गया है।

पीएम मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया

बोले- मैंने पुतिन से कहा यह युद्ध का समय नहीं

कीव। रूस और यूक्रेन में ढाई साल से जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे। यहां राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक में मोदी ने कहा, भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है।

मोदी और जेलेंस्की के बीच यूक्रेन के मैरिंस्की पैलेस में करीब 3 घंटे बैठक हुई। उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया। बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दोनों नेताओं ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर भी बात

की। जयशंकर ने कहा, तेल खरीदी का फैसला मार्केट की हालत के हिसाब से लिया जाता है। इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। इससे पहले मोदी जेलेंस्की के साथ यूक्रेन नेशनल म्यूजियम पहुंचे, जहां उन्होंने जंग में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बच्चों के मेमोरियल पर डॉल भी रखी। प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन का दौरा पूरा हो गया है। वे राजधानी कीव से शाम 7 बजकर 30 मिनट पर ट्रेन से पोलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। यहां से फ्लाइट के जरिए भारत लौटेंगे। मोदी ने कहा, भारत के लिए संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान सबसे जरूरी है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि शांति के हर प्रयास में भारत सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर व्यक्तिगत तौर मैं कोई योगदान कर सकता हूं, तो एक मित्र की तरह मैं यह जरूर करना चाहूंगा।

केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टली

सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति केस से जुड़े सीबीआई केस में सीएम केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक के लिए टाल दी है। कोर्ट ने 14 अगस्त की सुनवाई में जांच एजेंसी से जवाब मांगा था।

सीबीआई ने शुक्रवार को कोर्ट में बताया कि एक मामले में जवाब दाखिल कर दिया है जबकि दूसरे केस में जवाब देने के लिए उसे और समय चाहिए। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- एक केस में सीबीआई का

जवाब बुधवार रात 8 बजे मिला है। एजेंसी की अपील पर कोर्ट ने सीबीआई को एक हफ्ते का समय दिया है।

14 अगस्त को सीबीआई केस में केजरीवाल की एक और याचिका पर सुनवाई हुई थी। यह याचिका सीबीआई की गिरफ्तारी के खिलाफ थी।

केजरीवाल के खिलाफ ईडी और सीबीआई का केस चल रहा है। ईडी मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। वहीं सीबीआई केस में वह जेल में बंद हैं।

सीबीआई ने 26 जून को शराब नीति केस में भ्रष्टाचार के आरोपों पर केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। वे फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा की बैठक

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में भाजपा की बैठक जारी है। जम्मू-कश्मीर के भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना, जुगल किशोर, अशोक कौल और तरुण चुघ बैठक में शामिल होने पार्टी चीफ जेपी नड्डा के आवास पर पहुंचे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पार्टी हाईकमान की जम्मू-कश्मीर के शीर्ष नेताओं के साथ चुनाव की रणनीति और उम्मीदवारों के नामों पर फाइनल चर्चा हो रही है। भाजपा जल्द ही विधानसभा चुनाव के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर सकती है।

देशभर में लागू होगी बीएनएस की धारा 479 : सुप्रीम कोर्ट

जो विचाराधीन कैदी सजा का एक-तिहाई वक्त हिरासत में काट चुका, उसे जमानत दें

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शुक्रवार (23 अगस्त) को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 479 को 1 जुलाई से पहले दर्ज किए गए सभी विचाराधीन मामलों में लागू किया जाएगा।

जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच ने देशभर के जेल अधीक्षकों से कहा- वे धारा 479 में दी गई हिरासत की अवधि का एक तिहाई समय पूरा कर चुके कैदियों के आवेदनों पर कार्रवाई करें। इसे 3 महीने के अंदर निपटाएं। सुप्रीम कोर्ट ने देश की

जेलों में भीड़भाड़ से निपटने के लिए अक्टूबर 2021 में नजर बनाए हुए है। इस मामले पर खुद ही एक्शन लेते हुए इस मामले पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा था।

पिछली सुनवाई में सीनियर एडवोकेट और एमिकस क्यूरी (कोर्ट की तरफ से नियुक्त किए गए वकील) गौरव अग्रवाल ने धारा 479 के तहत विचाराधीन कैदियों को हिरासत में रखने की अधिकतम अवधि से जुड़े प्रावधान पर कोर्ट का ध्यान खींचा था।

उन्होंने कहा था कि धारा 479 में प्रावधान है कि यदि कोई व्यक्ति, किसी विशेष कानून के तहत किसी अपराध के लिए तय सजा का एक तिहाई वक्त हिरासत में रह चुका है, तो उसे कोर्ट जमानत पर रिहा करे। उन्होंने कहा कि इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। गौरव अग्रवाल ने कहा था कि इससे जेलों में भीड़ कम करने में मदद मिलेगी।

बांग्लादेश में बाढ़ के लिए हम जिम्मेदार नहीं : भारत

नई दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि बांग्लादेश में आई बाढ़ के लिए भारत जिम्मेदार नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा, बांग्लादेश में यह अफवाह है कि बाढ़ की वजह त्रिपुरा में डंबूर बांध का दरवाजा खोलना है। यह सच नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि भारत और बांग्लादेश से होकर बहने वाली गोमती नदी के आस-पास के इलाके में इस साल की सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इस वजह से दोनों तरफ समस्या हुई है। दोनों देशों के बीच मौजूद नदियों में आने वाली बाढ़ एक साझा समस्या है, जिससे दोनों देशों के लोगों को जूझना पड़ता है।

अनिल अंबानी शेयर बाजार से 5 साल के लिए बैन

25 करोड़ का जुर्माना भी लगा, शेयरों में 11% तक गिरावट रही

मुंबई। मार्केट रेगुलेटर सेबी ने फंड की हेराफेरी के मामले में इंडस्ट्रियलिस्ट अनिल अंबानी को शेयर बाजार से 5 साल के लिए बैन कर दिया है। अंबानी पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। उनके किसी भी लिस्टेड कंपनी में डायरेक्टर रहने पर भी पाबंदी लगा दी गई है।

सेबी ने रिलायंस होम फाइनेंस के पूर्व प्रमुख अधिकारियों समेत 24 अन्य एंटीटीज को भी शेयर मार्केट से बैन कर दिया है। इन पर अलग-अलग जुर्माना लगाया गया है। वहीं रिलायंस होम फाइनेंस कंपनी को 6 महीने के लिए बैन

किया है और 6 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी की ओर से जारी 222 पेज के फाइनल ऑर्डर के मुताबिक, जांच में पता चला कि आरएचएफएल के अधिकारियों की सहायता से अनिल अंबानी ने पैसों की हेराफेरी की। उन्होंने फंड का खुद इस्तेमाल किया, लेकिन दिखाया की ये फंड लोन के तौर पर दिया गया है।

त्रिपुरा में सेना ने 330 लोगों को बचाया, राजस्थान के 26 जिलों में बारिश का अलर्ट

नई दिल्ली। जन्माष्टमी के 3 दिन पहले मथुरा में तेज बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। रेस्क्यू करने के लिए नगर निगम को जेसीबी मशीनें लगानी पड़ीं। कई जगह सड़कें भी धंस गईं।

त्रिपुरा में पिछले 5 दिनों में भारी बारिश, बाढ़ और लैंडस्लाइड के कारण 17 लाख लोग प्रभावित हैं। 22 लोगों की मौत हो चुकी है। सेना ने 330 लोगों को बचाया। 65 हजार लोग 450 रिलीफ कैंप में हैं।

उत्तर प्रदेश के 10 जिलों के 80 से ज्यादा गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बलिया में गंगा और बाराबंकी

में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राजस्थान में आज 26 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है।

इधर, दिल्ली के चाणक्यपुरी में सड़क पर भरे पानी में डूबने से एक 15 साल के बच्चे की मौत हो गई। यह लड़का अपने दोस्तों के साथ पानी में खेल रहा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चल गया। खबर देने पर तुरंत परिजन आए। बच्चे को निकाला और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

त्रिपुरा में पिछले 5 दिनों में 1900 से ज्यादा लैंडस्लाइड हुई हैं। असम राइफल्स की राइफलवुमन बचाव कार्यों का नेतृत्व कर रही हैं। पूरे राज्य से अब तक 750 से अधिक लोगों को निकाला जा चुका है। गृह मंत्री अमित शाह ने भी त्रिपुरा सीएम को फोन करके राज्य में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और उन्हें केंद्र की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। शाह ने बताया कि एनडीआरएफ की 4 टीमें त्रिपुरा पहुंची हैं।

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में गुरुवार देर रात करीब 1:20 बजे लैंडस्लाइड के कारण 4 लोगों की मौत हो गई। रेस्क्यू में जुटी एनडीआरएफ टीम ने सुबह चारों के शव मलबे से निकाले। इधर, बद्रीनाथ नेशनल हाईवे भी तेज बारिश और लैंडस्लाइड के कारण बंद हो गया है। चमोली पुलिस ने बताया कि मलबा हटाने का काम जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक, गुजरात में भारी से अतिभारी बारिश (20 सेमी) का अलर्ट है।

शिवपुरी को मिलेगी बड़ी सौगात

दिनारा से चंदेरी तक 445 करोड़ की लागत से बनेगा फोरलेन हाईवे

पिछोर। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने दिनारा से पिछोर होते हुए चंदेरी तक 445 करोड़ रुपये के फोरलेन हाईवे को मंजूरी प्रदान की है। अगर सब कुछ सही रहा तो बहुत जल्द इस हाईवे का काम शुरू हो जाएगा। जानकारी के अनुसार पिछोर विधायक प्रीतम सिंह लोधी बीते रोज केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मिलने पहुंचे। केंद्रीय मंत्री से क्षेत्र के विकास के लिए बड़े सड़क मार्ग की मांग की गई। विधायक की मांग और सांसद सिंधिया की अनुशंसा के उपरांत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दिनारा से पिछोर होते हुए चंदेरी तक 65 किमी के फोरलेन हाईवे को मंजूरी प्रदान की है। यह हाईवे 445 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जाएगा। इसके अलावा भितरगवां से नयागांव, बामौरकलां, चंदेरी रोड तक एक अन्य सड़क को भी स्वीकृति प्रदान की गई है। यह सड़क भितरगवां, से कमालपुर, मंगली, पड़रा सूरजपुरा, अमरपुर, ललन, खिरकिट, खिसलौनी, खिरिया, नयागांव, बामौरकलां से चंदेरी तक पहुंचेगी।

कोलकाता रेप-मर्डर केस, आरोपी समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा

नई दिल्ली। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर करने वाले आरोपी संजय रॉय समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा। इनमें कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के अलावा पीड़ित डॉक्टर के साथ 8 अगस्त की रात डिनर करने वाले 4 डॉक्टर भी शामिल हैं।

शुक्रवार (23 अगस्त) को सीबीआई ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को सियालदह की स्पेशल कोर्ट ने पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान ही संजय पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए भी तैयार हो गया था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के विरोध में कोलकाता के डॉक्टर्स आज 15वें दिन (23 अगस्त) भी हड़ताल पर हैं।

जंबो नहीं, संतुलित बनेगी प्रदेश कांग्रेस की नई टीम, अगले माह होगी घोषणा

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस की नई टीम का गठन लगातार टलता जा रहा है। इसमें शामिल किए जाने वाले नेताओं के नाम के प्रस्ताव को ही अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। हालांकि, यह तय कर लिया गया है कि कार्यकारिणी पहले की तरह जंबो नहीं बल्कि संतुलित होगी।

100 से अधिक पदाधिकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की टीम में होंगे। इसमें सभी वर्ग और जिलों का प्रतिनिधित्व रहेगा। बता दें कि पिछली कार्यकारिणी में लगभग 1000 पदाधिकारी थे। अब ऐसा नहीं होगा। अगले माह प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा होगी। लोकसभा चुनाव के बाद से नई टीम के गठन को लेकर विचार-विमर्श चल रहा है।

पटवारी लगभग 80 नामों की सूची केंद्रीय संगठन को भेज चुके हैं और प्रारंभिक चर्चा में सहमति भी बन चुकी है, लेकिन वरिष्ठ नेताओं से सामंजस्य बनाते हुए कुछ और नाम प्रस्तावित किए जा रहे हैं। प्रयास यह किया जा रहा है कि कार्यकारिणी में 50 प्रतिशत नए चेहरों को स्थान मिले और महिलाओं का उचित प्रतिनिधित्व भी रहे।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी को प्रभावी बनाया जाएगा। पदाधिकारी केवल नाम के लिए नहीं बनाए जाएंगे। मैदानी कार्यकर्ताओं को स्थान दिया जाएगा। इसमें कुछ समय अवश्य लग रहा है पर प्रदेश कार्यकारिणी जल्द घोषित कर दी जाएगी। पदाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय होगी। इन्हें जिलों का प्रभार मिलेगा। सबके दौरे करने होंगे और उसका लेखा-जोखा भी प्रदेश इकाई को देना होगा।

विरोधी दल पिछड़े वर्गों की बात नहीं करते हैं, भाजपा ने सम्मान दिया : शिवराज

पटना। भारतीय जनता पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। पार्टी की नजर ओबीसी वोट बैंक है। आज पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में शहीद रामफल मंडल की याद में शहादत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत बिहार भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल होने मंच पर पहुंचे। बिहार प्रदेश भाजपा की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। राजनीतिक पंडितों का कहना है कि शहीद रामफल मंडल के सम्मान समारोह के जरिए भाजपा 2025 में होने वाले विधानसभा चुनाव में पिछड़ी जाति के वोट को साधने की कोशिश कर रही है।

पटना में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि रामफल मंडल को शहीद का दर्जा मिलेगा।

हम धानुक समाज के चरणों में प्रणाम करते हैं। अगर कोई देश के आन बान शान पर कोई ऊंगली उठाये तो प्राण देकर भी उसका बदला लेना यह सनातन जानता है। धानुक समाज हमारे बचपन का झूला है। धानुक समाज को मैं प्रणाम करता हूं। मैं आपके कार्यकर्ता को भी प्रणाम करता हूं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ देश की बात सोचते हैं और विरोधी दल इन पिछड़े वर्गों की बात नहीं करते हैं। पिछड़े वर्गों का सम्मान क्यों नहीं दिया? इनको सिर्फ भारतीय जनता पार्टी ने सम्मान दिया।

वहीं हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोलते हुए शिवराज सिंह ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार अराजक और डरी हुई है। न्याय मांगने आए लोगों से डरी हुई है। पहले जगह-जगह भाजपा में आए युवाओं को रोका गया। बसें रोक दी गई लेकिन कार्यकर्ता झुके नहीं। आगे बढ़े और डरी हुई सरकार ने लाठी चार्ज किया है। लाठियां बरसाई हैं। यह लाठी जो तुम्हारी सरकार ने चलाई है वह तुम्हारी सरकार की कफन के अंतिम कील साबित होगा।

सांसद रविशंकर प्रसाद ने लालू परिवार पर हमला बोलते हुए कहा कि लालू प्रसाद और उनके बेटे ने इनको याद क्यों नहीं किया? कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न किसने दिया। लालू जी उनके शिष्य बनकर राजनीति करते रहे, लेकिन उनको कभी भारत रत्न सम्मान देने की कोशिश नहीं की। अगर किसानों का दिल से कोई सम्मान करता है तो भारतीय जनता पार्टी करती है बाकी पार्टियों के लोग खुद को बढ़ाते हैं। भारतीय जनता पार्टी रामपाल मंडल जैसे शहीदों को सम्मान करती है बाकी पार्टियों सिर्फ अपने आप को और अपने परिवार को बढ़ाते हैं। कृषि और स्वास्थ्य विभाग के मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि रामफल मंडल मिथिला के पूत थे। अंग्रेज के समय के लोगों ने कभी उनको सम्मान नही किया।

जन जागरूकता के लिए प्रधानमंत्री जनमन योजना कार्यशाला का हुआ आयोजन

सिंगरौली। प्रधानमंत्री जनमन योजना प्रधानमंत्री आदिवासी, जनजातीय न्याय महा अभियान अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन जनपद पंचायत चितरंगी अध्यक्ष श्रीमती सिया दुलारी के मुख्य अतिथि में एवं पूर्व विधायक चितरंगी अमर सिंह के अध्यक्षता में तथा सरपंच ग्राम पंचायत गेरूई शिव बदन बैगा , ग्राम पंचायत बहेरी के सरपंच मोहन लाल बैगा, ग्राम पंचायत बोदाखुटा के सरपंच अर्जुन सिंह बैगा के गरिमामय उपस्थिति में सामुदयिक भवन चितरंगी में प्रधानमंत्री जन मन योजना कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्जवलन कर एवं महात्मा गांधी, बिरसा मुंडा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर के छाया चित्रो पर जन प्रतिनिधियों एवं अधिकारीगण द्वारा पुष्प अर्पित कर उनके जनजातीय उत्थान कार्यों का स्मरण किया गया । कार्यशाला को प्रारंभ करते हुए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग संजय खेडकर द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी गई और योजना के प्रति आम जनो को जागरूकता किया गया। उन्होंने बताया कि पीएम जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी के लोगों को शासन की समस्त योजनाओं का लाभ पात्रता अनुसार दिलाया जाना है ताकि वे लोग भी समाज एवं राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इस योजना के अंतर्गत व्यक्ति मूलक योजनाओं जैसे आधार कार्ड, जनधन बैंक खाता, आयुष्मान काड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड ,प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि, राशन कार्ड आधार कार्ड का ई केवाईसी करने आदि का लाभ सभी पात्र बैगा जनजाति के लोगों को दिलाया जाना है । इसी के साथ ही योजना अंतर्गत सामुदायिक मूलक योजनाओ जैसे प्रधानमंत्री आवास मेडिकल मोबाइल यूनिट हॉस्टल एवं आंगनबाड़ी सुविधा विद्युत एवं नल कनेक्शन बहुउद्देशीय समुदायिक केंद्र आदि का भी लाभ दिलाया जाएगा।

सहायक आयुक्त जन जाति कार्य विभाग ने बताया कि प्रधानमंत्री जन मन योजना के क्रियान्वन के लिए जिले में सर्वे किया गया। सर्वे के दौरान जिले में पीव्हीटीजी बैगा जन जाति की कुल 280 बसाहटो को 11183 परिवार एवं 49749 जन सख्या चिन्हित किया गया। जिसके अनुसार वंचित बैगा जन जाति के लोगो को लाभान्वित करने के लिए समस्त संबंधित विभागो के समन्वय से ग्रामो का क्लस्टर बनाकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं के लाभ से बंचित बैगा परिवारो को लाभान्वित कराया गया। कार्यशाला के दौरान जिले में चयनित किये गये आदर्श ग्रामो करामी, चौरा डाण्ड, बगघबूड़बा, भौडार, बरहटी में दी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने के संबंध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक चितरंगी अमर सिंह के द्वारा केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के द्वारा बैगा समाज के उत्थान के लिए किये जा रहे कार्यो के संबंध में अवगत कराया गया। इस अवसर पर एसडीएम चितरंगी सुरेश जाधव, जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग मोदी, तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह सहित बड़ी सख्या में बैगा समुदाय के आम जन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने भेजा बहना उर्मिला को राखी का उपहार

सिंगरौली। मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने में और उनका मनोबल बढ़ाने में कारगर साबित हो रही है। कुशमहरा निवासी उर्मिला के खाते में हर महीने 1250 आते जो उर्मिला को घर गृहस्थी चलाने में सहायक होते है। वही सावन माह के भाई बहन के प्रेम का प्रतीक रंक्षा बंधन त्योहार बहनो के की जीवन मे खुशियो की सौगात लेकर आता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री बहनो के लाडले भैया डॉ. मोहन यादव ने राखी के पहले उपहार स्वरूप अपनी प्यारी बहनो को राखी की सौगता दी है। मुख्यमंत्री ने लाडली बहनो के अगस्त माह कि किस्त के साथ राखी के लिए 250 रूपये अलग भेजे है। जिसे पाकर उनकी लाडली बहन उर्मिला के कहा कि हमारे प्यारे भैया हम बहनो का कितना ख्याल रखते है। रंक्षा बंधन पर्व के पूर्व ही उन्होंने बहनो के लिए जो सौगात भेजी है उसके लिए मैं मुख्यमंत्री अपने भैया को दिल से धन्यवाद देती हू।

सायबर फ्राड से बचाव के लिए सिंगरौली पुलिस ने चलाया जागरुकता अभियान

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में एवं सिंगरौली के समस्त थानों द्वारा सायबर फ्राड से बचाव के अनुपालन में संपूर्ण जिले में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। देश व प्रदेश में बीते कुछ समय में ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां साइबर अपराधी खुद को पुलिस, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और नारकोटिक्स ब्यूरो जैसी जांच एजेंसियों का अधिकारी बताकर पीड़ितों को धमकी देते हैं और ब्लैकमेल करते हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिये जाने की धमकी दी जाती है। ऐसी ब्लैकमेलिंग आपराधिक सिंडिकेट द्वारा ऑपरेट किया जाता है। अपराधी पुलिस स्टेशनों जैसे बनाये गये स्टूडियो का इस्तेमाल करने में माहिर होते हैं और असली दिखने के लिए वर्दी का भी प्रयोग करते हैं। इससे बचाव के लिए सिंगरौली पुलिस द्वारा विभिन्न स्थानो पर साइबर से बचाव संबंधी पोस्टर लगाकर जागरुक किया जा रहा है पोस्टर पेट्रोल पंप, कैंटीन,एवं सभी थाना एवं चौकी में लगाकर लोगो को जागरुक किया जा रहा है सिंगरौली पुलिस सिंगरौली वासियो से अपील करती है कि अनजान नंबरो से आये कॉल को रिसीव ना करे एवं कोई भी निजी जानकारी साझा न करे। साथ ही सिंगरौली पुलिस द्वारा सोशल मीडिया एवं व्हाटसएप ग्रुप के माध्यम से लोगो को लगातार जागरुक किया जा रहा है।इस प्रकार के कॉल आने पर तत्काल सिंगरौली सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049134242 एवं सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल करें एवं अपने नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।

अवैध कोयला लेकर जा रहे दो ट्रेलर को पुलिस ने पकड़ा

सिंगरौली

जियावन पुलिस ने कोयले से लदे दो ट्रेलर वाहनों को जप्त कर चालकों को गिरफ्तार किया है। यह कोयला देवसर मार्ग से बहरी सीधी की ओर जा रहा था। जहां ट्रक के आगे- आगे एक वाहन पायलटिंग का कार्य कर रहा था। पुलिस को दोनों ट्रेलर वाहन को रोककर लोड कोयले का कागज मांगा तो ड्राइवर ने कोई भी वैध कागजात नहीं दे सके। जहां जियावन पुलिस ने दोनों ट्रेलरों वाहनों को जप्त करते हुए थाने में खड़ा कराया और जांच शुरू कर दीं।

मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को सुबह 9 बजे जियावन थाना प्रभारी राजेन्द्र पाठक के निर्देश पर पुलिस आरक्षक बाजार मैं तैनात थे। जहां दो ट्रेलर वाहन कोयला लेकर एनएच 39 देवसर मार्ग से गुजर रहे थे। तैनात पुलिस कर्मियों को संदेह हुआ और एसडीओपी राहुल कुमार सैयाम व जियावन प्रभारी राजेन्द्र पाठक को अवगत कराते हुए पीछा किया। जहां यूनियन बैंक के सामने दोनो ट्रेलर वाहन क्रमांक यूपी 91 एटी 0258 एवं यूपी 77 एएन 8905 टाटा को खड़ा कराते हुए चालकों से कोयला परिवहन संबंधी ईटीपी की मांग किया। लेकिन चालकों के पास से कोई वैध दस्तावेज नही मिला। पुलिस ने उक्त दोनों वाहनों को जप्त कर चालकों को गिरफ्तार कर लिया है। कोयला कहा से लोड कर परिवहन करने जा रहे थे। चालक इस मामले में कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। पुलिस इनसे गहनता के साथ पूछतांछ कर कर रही है।

यातायात प्रभारी ने स्कूल वाहनो का किया जांच

मानक विरुद्ध 12 से अधिक वाहनो पर की गई चालानी कार्यवाही

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते विन्ध्यनगर के मार्गदर्शन में स्कूल वाहनो का यातायात थाना प्रभारी विद्यावारिधी तिवारी द्वारा यातायात पुलिस टीम शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित स्कूलों में छात्र-छात्राओं के परिवहन हेतु अनुबंध स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण किया गय ।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों की जागरुकता हेतु लगातार यातायात प्रर्वतन की कार्यवाही की जा रही है, शैक्षाणिक सत्र 2024-25 प्रारंम्भ हो चुका है, जिस तारतम्य में आज शुक्रवार को यातायात पुलिस द्वारा इन्द्राचौक, पुराना यातायात तिराहा, सेन्ट जोसेफ स्कूल तिराहा, राजीव चौक, निगाही मोड, जंयत बस पडाव पर अलग-अलग टीम लगाया जाकर 40 से अधिक स्कूल बस/मैजिक/वैन/आटो की सघन जॉच की गई, जिसमे 12 से अधिक वाहनों पर शासन द्वारा स्कूली बच्चो के परिवहन एंव स्कूली वाहनो हेतु जारी दिशा-निर्देशो का पालन नहीं किए जाने वाले वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की गई एंव शासन के दिशा-निर्देशो का पालन किए जाने की समझाइस दी गई। मप्र शासन द्वारा शैक्षणिक संस्थाओ हेतु जारी राजपत्र क-388 दिनांक 18 सितम्बर 2019 के बिन्दु कमांक 04 में शैक्षणिक वाहनो के चालक एंव परिचालको की नियुक्त की शर्ते उनके कर्तव्य एंव आचरण, के निर्देश है एंव बिन्दु कमांक 6 में विद्यार्थियो के सुरक्षित परिवहन संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए है।स्कूल बसों से स्कूली बच्चों के सुरक्षित परिवहन के संबध में स्कूल बस ऑपरेटर, स्कूल प्रबंधन, बच्चों के अभिभावक के द्वारा स्कूली छात्रों के परिवहन एवं उनकी सुरक्षा के संबंध में निम्नाकिंत निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक हैस्कूल बस पीले रंग की हो,स्कूल वाहनों के आगे पीछे स्कूल बस अंकित हों एवं किराये की होने की दशा में ऑन स्कूल ड्युटी अंकित हों। स्कूल बसों में प्राथमिक उपचार पेटी हों। बस में निर्धारित मानकों का स्पीड गर्वनर लगा हों। बसों में अग्निशामक यंत्र हों।बसों में स्कूल बैग टांगने की व्यवस्था हों।बसों में दरवाजों पर मजबूत ताले हों। बसों में बच्चों को सम्हालने हेतु शिक्षित व प्रशिक्षित अटेन्डर हों । बस पर नियुक्त चालक का वर्ष में एकाधिक बार चालान न हुआ हो तथा वह तीव्र गति से वाहन चालन का दोषी ना हो वाहन नही चलवाया जावेगा। बसों की खिडकियों पर सरियों की जाली हो। बस पर स्कूल का नाम व दूरभाष क्रमांक अंकित हो। चालक कम से कम 05 वर्ष पुराना भारी यात्री वाहन चलाने का लायसेंस हो। उक्त निर्देशो का पालन नहीं किए जाने वाले वाहनो के विरूद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।सिंगरौली पुलिस द्वारा उपरोक्त निर्देशो का पालन किए जाने हेतु समस्त अशासकीय एव शासकीय स्कूल प्रबंधन एवं बस आपरेटरों से अपील करती है उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विद्यावारिधी तिवारी, सउनि सुरेश शुक्ला, प्रआर. पुष्पेन्द्र, आर. प्रवेश तिवारी एंव अन्य समस्त यातायात स्टॉप की सराहनीय योगदान रहा।

हर्षोउल्लास के साथ मनाया जायेगा जन्म अष्टमी का पर्व

मुख्यमंत्री के जन्म अष्टमी उत्सव कार्यक्रमो के आयोजन का होगा सीधा प्रसारण

सिंगरौली। शासन द्वारा जन्म अष्टमी पर्व मनाये जाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है। जन्म अष्टमी पर्व पर जिले में भगवान कृष्ण के मंदिरो की साफ सफाई कार्य एवं सास्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन तथा भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा एवं मित्रता के प्रसंग तथा जीवन दर्शन पर आधारित विभिन्न विषयों पर विद्ववानो के माध्यम से शासकीय अशासकीय स्कूलो कालेजो में व्यख्यान एवं सास्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेग। वही मुख्यमंत्री की उपस्थिति में 25 अगस्त एवं 26 अगस्त को आयोजित जन्म अष्टमी उत्सव कार्यक्रम के आयोजन का प्रसारण बेवकास्ट के माध्यम से देखा एवं सुना जायेगा। जन्म अष्टमी कार्यक्रम के तैयारियों के संबंध में कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा सभी उपखण्ड अधिकारियों, नगर पालिक निगम सिंगरौली के आयुक्त, मुख्य कार्यपालन अधिकारियो जनपद पंचायतो सहित नगर परिषदो के सीएमओ को कार्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये है।

प्रधान आरक्षक से नहीं छूट रहा मोरवा थाने का मोह, वसूली के लिए फिर पहुंचा मोरवा ?

सिंगरौली। जीवन निर्वाह के लिए धन प्रमुख है इसलिए सभी को धन की सख्त जरूरत है पर आज जीवन के लिए धन नहीं बल्कि धन के लिए जीवन रह गया है। इस बात को साबित कर दिया कोतवाली से मोरवा पहुंचे प्रधान आरक्षक ने। जी हां मोरवा थाना क्षेत्र में भारी प्रदूषण के चलते जहां हर कोई मोरवा थाने में तैनाती से भागता है वहीं प्रधान आरक्षक जीवन खोकर ईमान, भाईचारा, सुख-शांति खोकर धन कमाने के पीछे भाग रहा है। वह मोरवा थाना पहुंचने के लिए हर उस चौखट में माथा टेकने के लिए तैयार रहता है जहां से मोरवा थाने पहुंचने की संभावना रहती है। पुलिस सूत्रों की माने तो हाल ही में कोतवाली से मोरवा थाने पहुंचा प्रधान आरक्षक राहुल सिंह का धन कमाने की दीवानगी की चर्चा हर आम खास करने लगा है. दरअसल मोरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनसीएल की कई खदानें संचालित है जहां बढ़ते प्रदूषण के चलते पुलिस कर्मी यहां अपनी पोस्टिंग के लिए भले ही बचते हो लेकिन लंबे समय से एक ही थाने में पदस्थ पुलिस कर्मी राहुल सिंह मोरवा थाने में ही रहना चाहता है। स्थानांतरित पुलिसकर्मी का मोरवा थाने से मोह नहीं छूट रहा। स्थानांतरित राहुल सिंह कोतवाली में सिर्फ औपचारिक आमद देकर जुगत भिड़ाकर फिर मोरवा थाना लौट आया हैं। संबंधित पुलिसकर्मी मोरवा थाने में करीब 6 से 7 सालों से पदस्थ था। सूत्रों की माने तो राहुल सिंह रात के अंधेरे में कोयले का अवैध कारोबार करने में माहिर है लिहाजा वह धन के लोभ में एक बार फिर मातहत अधिकारियों और सफेदपोश की चौखट में न सिर्फ माथा टेका होगा बल्कि चढ़ोत्तरी चढाकर एक बार फिर मोरवा थाना में आमद दे दी हैं।

कार्यालय नगर परिषद मनगवॉ जिला-रीवा (म0प्र0)

Office, Nagar Parishad Mangawan Dist.Rewa (M.P.)
Address:-Ward No.09 Mangawan] Dist. Rewa M.P.-486111
Email:-cmomangava@mpurban.gov.in

क्रमांक / 406 / स्था. / दिव्यां. भर्ती / 2024 — मनगवॉ दिनांक 21.08.2024

/ / विज्ञापन / /

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर रिट याचिका क्रमांक-7275 / 2019 में पारित आदेश दिनॉक 30.01.2024, मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक-एफ 7-19 / 2019 / आ.प्र. / 1 दिनॉक 14.02.2024, मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र क्रमांक-676 / 16017123 / 2023 / 18-1 दिनॉक 16.02.2023, संचालनालय नगरीय प्रशासन एंव विकास, मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र क्रमांक / स्था. / एक / 201 / प्र.शि. / 2024 / 3780 भोपाल दिनॉक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग,मंत्रालय बल्लव भवन, के पत्र क्रमांक-एफ 8-2 / 2013 / आ.प्र. / एक, भोपाल दिनॉक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांजनों के लिये स्वच्छता संरक्षक के लिये आरक्षित पद / पदों की पूर्ति वॉक-इन -इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु निर्धारित योग्यता एवं आर्हता रखने वाले अभ्यार्थी नीचे दर्शाये गये निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर दिनॉक 22.08.2024 से दिनॉक 07.09.2024 कार्यालयीन समय 5.30 सायंकाल तक आवेदन-पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थित में उन पर विचार नही किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिये निकाय / कार्यालय उत्तरदायी नही होगा। दिव्यांजनों हेतु आरक्षित रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	पद का नाम	पद की श्रेणी	वेतनमान	दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित वर्गवार रिक्तियॉ				निर्धारित योग्यता	वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि
				दृष्टिबाधित और कम दृष्टि	बहरे और कम सुनने वाले	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेबल पाल्सी, कुष्ठरोगमुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित मस्कुलर डिस्ट्राफी	ऑटिज्म, बौद्धिक बिकलांगता, स्पेसिफिक लार्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता		
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	स्वच्छता संरक्षक (नियमित)	चतुर्थ श्रेणी	4440-7440	—	1	—	—	5वीं कक्षा उत्तीर्ण	वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु तिथि की जानकारी पृथक से प्रसारित की जावेगी
2	स्वच्छता संरक्षक (संविदा)	चतुर्थ श्रेणी	कलेक्टर महोदय द्वारा स्वीकृत अकुशल दर	—	1	—	—	5वीं कक्षा उत्तीर्ण	वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु तिथि की जानकारी पृथक से प्रसारित की जावेगी

मुख्य शर्ते :-

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण-पत्रों को संक्षम अधिकारी अथवा स्वयं सत्यापित करने उपरांत प्रमाण-पत्रों की प्रति संलग्न प्रेषित की जावे।
3. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक-सी 3-38 / 16 / 1 / 3 भोपाल दिनॉक 04 जुलाई 2019 अनुसार अभ्यार्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग-अनु.जा.,अनु.जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय / निगम / मंडल / स्वशासी संस्था के कर्मचारियों / नगर सैनिक / निःशक्तजन / महिलाओं (अनारक्षित / आरक्षित) आदि के लिये 18 से 45 (अधिकतम आयु-सीमा में 05 वर्ष की छूट) होगी।
4. मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक-सी-3-8 / 2016 / 3-1 भोपाल दिनॉक 12 मई 2017 एवं परिपत्र क्रमांक-सी 3-38 / 16 / 1 / 3 भोपाल दिनॉक 04 जुलाई 2019 के अनुसार आवेदक का मध्यप्रदेश राज्य के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. आवेदक को वॉक-इन-इंटरव्यू / साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण-पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है।
6. दिव्यांगता के डिजिटल प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता दिनॉक 01.06.2021 से लागू की गई है। अतः उक्त अवधि के पूर्व जारी मैनुअल दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भी मान्य होगा।
7. डिजिटल जाति मूल निवासी प्रमाण-पत्र / जाति प्रमाण-पत्र एवं संक्षम अधिकारी जारी किया ही मान्य होगा।
8. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।
9. अधूरे, असपष्ट एवं अपठनीय आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।
10. भर्ती से संबंधित जानकारी एवं शर्ते कार्यालयीन समय पर निगम / निकाय से प्राप्त की जा सकती है।
11. यह कि जिस आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरूष वर्ग के लिये 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिये 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो उसे उक्त पदो के लिये अयोग्य माना जायेगा ।
12. यह सुनिश्चित् करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वह आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तो को आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को पूर्ण करता है।
13. आवेदन पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण, असत्य या त्रुटिपूर्ण पाई जाती है अथवा वांछित प्रमाण-पत्र संलग्न नही किया जाता है तो उसके आधार पर आवेदक को पूर्व सूचना दिये बिना उसका आवेदन पत्र किसी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
14. सीधी / बैकलॉक के पदों पर आवेदक राष्ट्रीय पेंशन योजना 2005 अन्तर्गत नियुक्ति होगें।
15. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनॉक 30.06.2014 के अनुसार वर्गवार आरक्षण न करते हुए दिव्यांगजनों की श्रेणी के आधार पर आरक्षण किये जाने से विशेश पिछड़ी जनजातियों (सहरिया / सहरिया, भरियों एवं बैगा) महिलाओं एवं भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के आवेदकों को पृथक से आरक्षण का लाभ नही मिलेगा।
16. ऐसे समस्त आवेदन पत्र जो अपूर्ण है एवं विहित प्रारूप में नही है वे निरस्त कर दिये जायेंगे। अभिलेखों को कूटरचित किया हो या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किये गये हों जो रूपान्तरित किये गये हों वे भी निरस्त कर दिये जायेंगे। साथ ही ऐसे विवरण दिये गये हो, जिसमें ऐसी तात्विक जानकारी छिपाई गई हो, जो चयन के लिये आवश्यक हो, तो ऐसे आवेदन पत्र भी निरस्त कर दिये जायेंगे।
17. दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदो के विरूद्ध चयनित होने वाले अभ्यार्थियों का उनके लिये जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराकर यह सुनिश्चित् होने के पश्चात् ही कि वे वास्तव में दिगलांग है यह जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित किये जाने के उपरांत ही नियुक्ति आदेश जारी किये जायेंगे।
18. यह कि दिव्यांगजनों के लिये आरक्षित पदों के विरूद्ध चयनित होने वाले अभ्यार्थियों के निःशक्तता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या अधिक पाये जाने पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा।
19. शासन के आदेश के अनुसार कोई भी अभ्यार्थी जिसके दो से अधिक जीवित संतान है, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या पश्चात् हुआ है तो ऐसा अभ्यार्थी नियुक्ति हेतु पात्र नही होगा, लेकिन यदि एक बच्चा जीवित है और बाद में प्रसव में दो या अधिक संतानें जन्म लेती है तो उसे अयोग्य नही माना जावेगा।
20. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक-सी. 3-13 / 2019 / 3 / एक भोपाल, दिनॉक 12 दिसम्बर 2019 के अनुसार सीधी भर्ती के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर चयन होने पर अभ्यार्थी 03 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर नियुक्त होगा। परिवीक्षा अवधि में अभ्यार्थी को प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत एवं तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत राशि स्टायपेंड के रूप में दी जावेगी।
21. दिव्यांगजनों हेतु चिन्हांकित संविदा के पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश नगर पालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) सेवा, नियम 2021 में विहित प्रावधानानुसार की जावेगी।
22. नियुक्ति से संबंधी सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होगें।

संलग्न :-आवेदन का प्रारूप।

(एस. के. सोनवानी)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद मनगवॉ जिला-रीवा (म0प्र0)

खुटार पुलिस की गिरफ्त में जिला बदर का आरोपी

सिंगरौली। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता सिंगरौली के कुशल निर्देशन में एव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में, नगर पुलिस अधीक्षक पीएस परस्ते, कोतवाली प्रभारी अशोक सिंह परिहार की सतत् निगरानी में पुलिस चौकी प्रभारी खुटार सुधाकर सिंह परिहार द्वारा जिला बदर के आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा अपराधियों के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के दौरान बीते 22 अगस्त को भ्रमण के दौरान जिला बदर कन्हैया सिंह उर्फ बीरेन्द्र सिंह को उसके निवास स्थान पर चेक किया गया जो घर में उपस्थित मिला। जिसके विरुद्ध जिला मजिस्ट्रेट जिला सिंगरौली द्वारा आरोपी का जिला बदर प्रकरण क्रमांक 0017/जिला बदर / 2023 के द्वारा आरोपी कन्हैया सिंह को सिंगरौली जिले की राजस्व सीमा से 1 वर्ष की कालावधि के लिये बाहर जाने के लिए जिला बदर आदेश पारित किया था। लेकिन आरोपी न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट जिला सिंगरौली के आदेश का उल्लंघन करते हुए अपने घर खुटार में निवास करता पाया गया। आरोपी द्वारा जिला दण्डाधिकारी के आदेशों का उल्लंघन करने पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 एवं आदेशों की अवज्ञा धारा 223 बीएनसी (धारा 188 मा.द.वि.) के अंतर्गत दण्डनीय अपराध घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर अपराध सदर कायम किया जाकर न्यायालय पेश किया गया है जिसे न्यायालय के आदेश से जिला जेल भेज दिया गया।अन्य मामले माननीय न्यायालय के प्रकरण क्र. आरसीटी / 1644/ 2020 धारा- 8/20बी एवं ऋष्ट्ज्ञ / 2034 / 2021 धारा 279, 337, 294, 506, 34, 323, 325 भा.द.वि. में भी लगातार फरार चल रहा था। उक्त प्रकरणों में जारी गिरफ्तारी वारण्टों के पालन में आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

स्टेरिंग राड टूटने से बस पलटी, एक महिला सहित बच्चें को आई गंभीर चोट

सिंगरौली। लंघाड़ोल से बैढ़न आ रही बस का स्टेरिंग राड टूटने के बाद एक राहुल बस पलट गई. इस दुर्घटना में बस में दबने से एक महिला को गंभीर चोट आई है जबकि आधा दर्जन से ज्यादा लोग घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस और प्राइवेट गाड़ियों से जिला चिकित्सालय बैढ़न ले जाया गया है। हालांकि बस में सवार अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं. इस दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार साम 5.30 बजें लंघाडोल से बैढ़न की ओर राहुल बस जा रही थी, जिसका भैसाबूडा गांव के पास अचानक स्टेरिंग रोड टूट गया। चालक बस से नियंत्रण खो बैठा और बस असंतुलित होकर सड़क के किनारे पलट गई. दुर्घटना के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। तत्काल ही बस में सवार यात्री बाहर निकल दूसरे यात्रियों को निकालने में मदद करने लगे। वही आसपास के लोग दौड़ आए और बस में सवार लोगों को बाहर निकालना शुरू किया।वही स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची लंघाड़ोल पुलिस ने सभी यात्रियों को बाहर निकाला।

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान आई.ई.सी. कैम्पेनिंग का शुभारम्भ

पत्रकार वार्ता में अपर कलेक्टर ने साझा की जानकारी

सीधी। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान आई.ई.सी. कैम्पेनिंग का शुभारम्भ करते हुए अपर कलेक्टर राजेश शाही ने जिले के पत्रकारों से पीएम जनमन महाअभियान के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की तथा महाअभियान की सफलता के लिए सहभागिता की अपील की।

अपर कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) भारत सरकार का सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इस योजना की शुरूआत जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर दिनांक 15.11.2023 को हुई थी। देश के 18 राज्यों की विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए अधोसंरचनात्मक विकास एवं सामाजिक आर्थिक पिछड़ापन दूर करनें के लिए यह योजना क्रियान्वित की गई है। म.प्र. में 03 विशेष पिछड़ी जनजातियाँ यथा

बैगा, भारिया तथा सहरिया को चिन्हित किया गया है जो 22 जिलों में निवासरत हैं। सीधी जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जनजाति है, जो 05 विकासखण्डों के 111 ग्राम पंचायतों के 174 ग्रामों में निवासरत है, जिनकी जनसंख्या 33752 है। योजनांतर्गत भारत सरकार के 09 मंत्रालयोंध् विभाग (ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, उर्जा विभाग, जलशक्ति विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, नवकरणीय उर्जा विभाग, दूर संचार विभाग) से संबंधित 11 सेवाएँ यथा सब को पक्का घर, हर घर नल से जल, गाँव-गाँव तक सड़क, हर घर बिजली, शिक्षा के लिए छात्रावास, दूरस्थ गाँवों तक मोबाइल मेडिकल यूनिट, ऑगनवाड़ी केन्द्र, वन धन विकास केन्द्र, दूरस्थ गाँवों तक मोबाइल नेटवर्क शामिल है।

उपरोक्त 11 महत्वपूर्ण क्षेत्रों के अतिरिक्त आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि सेवाओं से पी.व्ही.टी.जी. परिवारों को शत प्रतिशत लाभान्वित किये जाने का लक्ष्य है। उक्त सेवाओं का शत प्रतिशत लाभ बैगा जनजातियों को मिले इसके लिए भारत सरकार द्वारा दिनांक 23.08.2024 से 10.09.2024 तक आई.ई.सी. कैम्पेनिंग तथा लाभार्थी सेचुरेशन कैम्प आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया है। दिनांक 23.08.2024 को आई. ई.सी. कैम्पेनिंग का शुभारम्भ हो रहा है, आई.ई.सी. कैम्पनिंग के माध्यम से कैम्पों का आयोजन कर शत प्रतिशत पी.व्ही.टी.जी. बैगा परिवारों का आधार कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आदि बनाया जाना है। सीधी जिले में 05 विकासखण्डों में कुल 122 कैम्प, उक्त समयावधि में लगाये जायेगें इसके अतिरिक्त योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जानें हेतु वाल पेटिंग, नुक्कड़ नाटक, पम्पलेट वितरण, इन्टरवेन्शन कार्ड का वितरण तथा प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाये जाने हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पी. व्ही.टी.जी. बसाहटों में सिकल सेल परीक्षण के कैम्प भी आयोजित किये जायेगें। अपर कलेक्टर ने बताया कि सीधी जिले में जनधन बैंक खाता, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि तथा राशन कार्ड में शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति हो गई है। आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र में लगभग 98 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त हो गया है। आयुष्मान कार्ड का 74 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त हो गया है। शतप्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए सतत रूप से प्रयास किये जा रहे हैं। पत्रकार वार्ता में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डॉ डी के द्विवेदी, जिला जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मिश्रा सहित जिले के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

शासकीय महाविद्यालय मड़वास में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न

सीधी। शासकीय महाविद्यालय मड़वास जिला सीधी में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि भारत के चंद्रयान-3 मिशन की स्वर्णिम सफलता के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर यह घोषणा की थी कि अब से हर साल 23 अगस्त के दिन को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय में भौतिकी के अतिथि विद्वान डॉ कमलेश जायसवाल ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। द्वितीय वक्ता के रूप में डॉ राजेश पटेल ने इसरो के इतिहास और उसकी उपलब्धियो की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीपक अग्निहोत्री ने किया।

इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य भावी पीढ़ी और युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी क्षेत्र से जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। आज के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ संगीता मिश्र, डॉ अनुराग तिवारी, डॉ पंकज मिश्रा, डॉ अमिता खरे, श्री प्रवीण साकेत, श्री दीपराज प्रजापति, डॉ संध्या वर्मा सहित महाविद्यालय के स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों के संबल पोर्टल पर तथा असंगठित श्रमिकों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन के लिए विशेष अभियान

सीधी

श्रम पदाधिकारी जिला सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि गिग और प्लेटफार्म श्रमिकों के संबल पोर्टल पर तथा असंगठित श्रमिकों के ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन हेतु जिले में विशेष अभियान संचालित करने के संबंध में मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल 2.0 योजना के अंतर्गत राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों, उदाहरणार्थ ओला, उबर, रेपिडो, जोमेटो, स्विगी, ब्लिकिट, अमेजोन, फ्लिपकार्ड आदि के लिए कार्यरत श्रमिकों को संबल योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने हेतु आवश्यक है कि इन्हें पंजीयन की सुविधा तथा योजनाओं की जानकारी प्रदान करने हेतु प्रचार-प्रचार किये जाने एवं स्थानीय ऑनलाइन कियोस्क के साथ समुचित समन्वय कर इन श्रमिकों के पंजीयन हेतु विशेष अभियान चलाये जाने के निर्देश हैं।

उन्होने समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिक अधिकारी को सूचित किया है कि उक्त निर्देश का पालन करते हुए अपने-अपने निकायों में शिविर आयोजित कर आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

भाजपा की सदस्यता कार्यशाला आज, शामिल होंगे कई दिग्गज नेता

सीधी। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान की कार्यशाला भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में 24 अगस्त को ओम साइन पैलेस बाईपास मार्ग में अपराह्न 1 बजे आयोजित होगी, जिसमें मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री एवं सीधी जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद गोटिया, सांसद डॉ राजेश मिश्रा, विधायक श्रीमती रीती पाठक, कुंवर सिंह टेकाम, विश्वामित्र पाठक सहित पार्टी पदाधिकारी एवं सभी श्रेणी के जनप्रतिनिधि, मंडल एवं मोर्चे के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

गॉधीग्राम से आई.ई.सी. कैम्पेनिंग का हुआ शुभारम्भ

जिले में 05 विकासखण्डों में 122 कैम्प लगाए जाएंगे

सीधी

प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) भारत सरकार का सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्यक्रम है। सीधी जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा जनजाति है, जो 05 विकासखण्डों के 111 ग्राम पंचायतों के 174 ग्रामों में निवासरत है, जिनकी जनसंख्या 33752 है। भारत सरकार द्वारा दिनांक 23.08.2024 से 10.09.2024 तक आई.ई.सी. कैम्पेनिंग तथा लाभार्थी सेचुरेशन कैम्प आयोजित किये जाने का निर्देश दिया गया है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार दिनांक 23.08.2024

को बैगा बाहूल्य ग्राम गॉधीग्राम, विकासखण्ड सीधी जिला सीधी में आई.ई.सी. कैम्पेनिंग का शुभारम्भ पूजा कुशराम जिला पंचायत सदस्य के मुख्य अतिथि में आयोजित किया गया। आई.ई.सी. कैम्पेनिंग का मुख्य उद्देश पी.व्ही.टी.जी. ग्रामों एवं बसाहटों में कैम्पों का आयोजन कर शत प्रतिशत बैगा परिवारों का आधारकार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र आदि बनाया जाना है। सीधी जिले में 05 विकासखण्डों में कुल 122 कैम्प उक्त समयावधि में लगाये जायेगें। इसके अतिरिक्त योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जानें हेतु वालपेन्टिग, नुक्कड़ नाटक, पम्पलेट वितरण, पी.एम.जनमन इन्टरवेशन कार्ड तथा प्रमुख स्थानों पर बैनर लगाये जाने हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पी.व्ही.टी.जी. बसाहटो में सिकल सेल के कैम्प आयोजित किये जायेगें।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूजा कुशराम जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि पी.व्ही.टी.जी. परिवारों को इस अभियान के दौरान सभी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। यह प्रयास हम सब को मिलकर करना है। उन्होनें कहा कि इस दिशा में कलेक्टर महोदय के दिशा निर्देश पर जिले में अच्छा कार्य हो रहा है और कई योजनाओं में हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ भी मिल चुका है। उन्होनें वहॉ उपस्थित बैगा परिवारों को योजना से लाभान्वित होने की बात कही।

इस अवसर पर जनपद पंचायत सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अशोक कुमार तिवारी, जनजातीय कार्य विभाग के क्षेत्र संयोजक एन.के.एस. मरकाम, जनपद पंचायत सीधी के दिनेश गौतम, मण्डल संयोजक राजेश प्रसाद पटेल, सजन सिंह, सचिव, रोजगार सहायक, तथा गॉधीग्राम के नोडल अधीक्षक तथा गॉव के अधीकांश बैगा जनजाति के लोग उपस्थित थे।

डिप्टी सीएम पर बना गाना हुआ वायरल

लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने प्रस्तुत किया था विकास गीत

सीधी। प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के जन्मदिवस पर श्रीराम दरबार अखिल आर्यावर्त एवं राजेश पाण्डेय विधायक प्रतिनिधि डिप्टी सीएम के सहयोगी साथियों के व्दारा लक्ष्मण बाग के प्राचीन राम दरबार मंदिर में सुन्दर काण्ड का आयोजन किया गया था। जिसमें उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सपरिवार शामिल हुये थे। उक्त धार्मिक आयोजन में राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय के द्वारा बघेली सोहर धन धन नगर अयोध्या, धनय राजा दशरथ हो, रामा धन्य है कौटिल्य

तोहरी कोख, रमैया जहां जन्मेय हो एवं विकास गीत आइसन विकासी राजेन्द्र शुक्ला, जन जन के करै कल्याण। विंध्य का आइसन सजाइन हो भाइया, देश मा होइ रहा नाम आदि लोकगीतों को सुनकर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला सहित सभी श्रोताओं ने काफी प्रसंशा की। लक्ष्मण बाग में गाये मान्या पाण्डेय के गीत सोशल मीडिया में काफी वायरल हो रहे हैं। विंध्य के लाखों लोग उक्त गीतों को सुनकर शेयर कर रहें हैं। विंध्य विकास के पुरोधा, विकास पुरुष उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के चाहने वाले व उनसे अथाह स्नेह रखने वाले विंध्य क्षेत्र में करोड़ों लोग हैं। इसीलिए हर कोई उप मुख्यमंत्री गाये गये लोक गायिका मान्या पाण्डेय के गीत काफी पसंद किये जा रहे हैं।

खाद्य सुरक्षा कुपोषण को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पन्ना। विकास संवाद समिति पन्ना द्वारा संचालित दस्तक परियोजना के अंतर्गत गठित महिला समूहों के प्रतिनिधियों कीं दो दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन संकल्प गार्डन में किया गया। उक्त कार्यशाला में महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य, आजीविका एवं संगठनात्मक विकास हेतु संवाद किया गया। आयोजन में 25 गाँव से 50 महिलाओं के द्वारा सभागिता की गई। कार्यशाला में सहजकर्ता की भूमिका विकास संवाद भोपाल से डॉ. अश्वनी एवं दस्तक परियोजना टीम के साथियों द्वारा निभाई गई।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा की मांग पर बरगंवा बना रेलवे ट्रेनो का स्टॉपेज, हर्ष

सीधी। लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने विगत दिनो भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र के माध्यम से सिंगरौली क्षेत्र से गुजरने वाली ट्रेनों को बरगवां स्टेशन में रोके जाने की मांग की थी, जिसे आज स्वीकृति मिल गई है।

सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने क्षेत्र की जनता जनार्दन की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हृदय से आभार एवं क्षेत्रवासियों को बहुत-बहुत बधाई दी है। जिसके कारण क्षेत्र में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। 19413/14 अहमदाबाद-कोलकत्ता एक्सप्रेस (साप्ताहिक),19608/07 मदार जं.(अजमेर) कोलकत्ता एक्सप्रेस (साप्ताहिक) , 18010/09 अजमेर-सांतरागाछी एक्सप्रेस (साप्ताहिक), 13025/26 भोपाल-हावड़ा एक्सप्रेस (साप्ताहिक) ट्रेन है जिनका अब नया स्टॉपेज बरगंवा बना है।

एनसीएल के कारण विस्थापितों को मिलेगा उचित मुआवजा

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने विगत दिनों जयंत क्षेत्र में एनसीएल द्वारा विस्थापितों के पुनर्वास एवं मुआवजा के विषय में लोकसभा में शून्य काल के दौरान प्रश्न उठाया था, जिसका जवाब देते हुए केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने सांसद डॉ राजेश मिश्रा को लिखित पत्र के माध्यम से बताया कि एनसीएल द्वारा भूमि अधिग्रहण के कारण विस्थापित हुए परिवारों को शासन के निर्धारित दर के अनुसार उचित मुआवजा दिया जाएगा एवं विस्थापितों के हितों का पूर्णत: ख्याल रखा जाएगा।

इस हेतु सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी के प्रति क्षेत्र की जनता की ओर से आभार ज्ञापित किया है और क्षेत्र की जनता को बधाई दी है।

जिले में औसत वर्षा 868.9 मि.मी. दर्ज, रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा

सीधी। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 23 अगस्त को सीधी जिले में 7.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 3.0 मि.मी., चुरहट में 0.0 मि.मी., गोपद बनास में 28.4 मि.मी., सिहावल में 0.0 मि.मी., बहरी में 6.8 मि.मी., मझौली में 16.0 मि.मी. और कुसमी में 0.0 मि.मी. वर्षा हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 868.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 23 अगस्त तक तहसील रामपुर नैकिन में सर्वाधिक वर्षा 1103.1 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील चुरहट में 702.2, गोपद बनास में 943.2, सिहावल में 794.8, बहरी में 733.2, मझौली में 804.0 और कुसमी में 1002.0 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 521.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 347.2 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

हाई कोर्ट ने अजय सिंह के पक्ष में फैसला सुनाया

निर्वाचन को लेकर दायर दोनों चुनाव याचिका खारिज की

सीधी। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चुरहट विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित कांग्रेस उम्मीदवार अजयसिंह के खिलाफ दायर चुनाव याचिकाओं को खारिज कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत विधानसभा चुनाव के दौरान अजयसिंह द्वारा दाखिल किए गए नामांकन के साथ लगाए गए शपथ पत्र में दी गई जानकारी को लेकर भाजपा के उम्मीदवार शरदेंदु तिवारी की ओर से आपत्ति की गई थी। इन आपत्तियों पर सुनवाई के बाद निर्वाचन अधिकारी ने शपथपत्र को वैध मानते हुए आपत्ति निरस्त कर दी थी। विधानसभा चुनाव में अजयसिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की थी। इस चुनाव के बाद मध्यप्रदेश हाई कोर्ट जबलपुर में शपथपत्र संबंधी आपत्तियों तथा अन्य बिंदुओं को लेकर अजयसिंह के खिलाफ दो याचिकाएं रामगरीब और राकेश कुमार पांडे द्वारा दायर की गई थी। इन याचिकाओं पर विचार करने के बाद कल हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि चुनाव याचिका में उठाए गए आधार, कानून के तय प्रावधानों को देखते हुए नहीं बनाए गए हैं। इसलिए दोनों चुनाव याचिकाएं खारिज की जाती है।

अंतरिक्ष दिवस के उपलक्षय पर कई कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न

सीधी। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस संजय गांधी महाविद्यालय सीधी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग एवं मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के निर्देशन में भारतीय अंतरिक्ष दिवस का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आंतरिक्ष बिजान के प्रति आकर्षण तथा रोचकता पैदा करना है। युवाओं में विज्ञान के प्रति लगाव को बढ़ाने के लिए नए जोश तथा उमंग से भरपूर दो दिनों में कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें पहले दिन यानी 21 अगस्त को सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्रचार डॉक्टर पी.के. सिंह कि मुख्य अतिथि साथ ही कार्यक्रम के संयोजक भौतिक विभाग के विभागाअध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में चंद्रमा चंद्रयान 3 से संबंधित कई वीडियो का प्रसारण बच्चों को दिखाया गया जिसमें बच्चों का काफी उत्साह देखने को मिला इसी के साथ ही निर्धारित कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार दूसरे दिन यानी 22 अगस्त को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विनोद प्रजापती के मुख्य अतिथि में किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रश्न मंच, प्रश्नोत्तरी, पेंटिंग, भाषण आदि का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया साथ ही सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले छात्राओं का नाम इस कार्यक्रम की संयोजक भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अरविंद

त्रिपाठी को समिति के सदस्यों द्वारा सौंप दिया गया है। सभी विधाओं में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्र-छात्राओं के नाम इस प्रकार है प्रश्न मंच में प्रथम स्थान सुरेश कुमार पटेल प्रणव कुमार विश्वकर्मा और शिवम कुमार यादव हैं तथा द्वितीय स्थान पर सुभाष सिंह बैस मोहित कुशवाहा बलिराम विशकरमां तथा तृतीय स्थान पर संदीप कुमार जायसवाल, आदित्य सिंह अहिरवार, वीरेंद्र यादव हैं इसी प्रकार पेंटिंग में प्रथम स्थान रेशमी गोस्वामी द्वितीय स्थान प्रीति रजक और तृतीय स्थान पर खुशी गुप्ता है साथ ही भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकुश सिंह परिहार द्वितीय स्थान कुमारी प्रगति गुप्ता एवं तृतीय स्थान पर सुभी सिंह है।

सभी छात्रों के नाम संयोजक महोदय के पास समित के सदस्यों द्वारा सौंप दिया गया है। समिति के सभी सदस्यों में मुख्य रूप से डॉ विनोद प्रजापती डॉ बृजेश सिंह चौहान डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला डॉ बाय.पी. साहू डॉ संजय द्विवेदी सभी की अहम भूमिका रही कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानमंत्री कॉलेज आप एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ प्री.के. सिंह द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक तथा सभी सदस्यों का धन्यवाद किया। डॉ सिंह ने कहा कि युवाओं में उत्साह से भरा दो दिन का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी छात्रों को भी धन्यवाद दिया इसी कड़ी में कार्यक्रम के संयोजक डॉ अरविंद त्रिपाठी ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि चंद्रयान-3 के सफल लैंडिंग को यादगार बनाने के लिए हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय आंतरिछ दिवस मनाने की जो घोषणा की राज्य सरकार की भी अहम भूमिका है कार्यक्रम को भव्य रूप देने में बहुत ही सराहनीय है। निहसंदेह युवाओं में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा करता है साथ ही प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान अर्जित करने वाले छात्राओं को बधाई देते हुए उन छात्रों को भी बधाई दी जिन्होंने भाग लिया भले ही स्थान अर्जित नहीं कर पाए हैं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ पी.के. सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रावेंद्र बहादुर सिंह, कार्यक्रम संयोजक डॉ अरविंद त्रिपाठी, कार्यक्रम सदस्य डॉ विनोद प्रजापती, डॉ बृजेश सिंह चौहान, डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला, डॉ संजय द्विवेदी, डॉ बाय.पी. साहू, डॉ रश्मि शर्मा डॉ, आशुतोष पांडे, डॉ सज्जन सिंह, पुष्पेंद्र द्विवेदी, देवव्रत मिश्रा आदि सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संपादकीय

असुरक्षित औरतें

मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं की स्थिति को जाहिर करने वाली जस्टिस हेमा कमिटी की रिपोर्ट आखिर सोमवार को सार्वजनिक हो गई। रिपोर्ट में दी गई बातें हैरान तो करती ही हैं, इस रिपोर्ट को सामने लाने के लिए जिस तरह की मशक्कत करनी पड़ी, वह भी अपने आप में बहुत कुछ कहती है। कमिटी का गठन 2017 में मलयालम फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री के अपहरण और सेक्शुअल असॉल्ट की घटना के बाद किया गया था। कमिटी ने 2019 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी थी। लेकिन रिपोर्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया। सूचना के अधिकार (ऋ्रढ्ढ) के तहत किए गए आवेदनों के जरिए पांच साल के लंबे और कठिन संघर्ष के बाद यह रिपोर्ट पब्लिक डोमेन में लाई जा सकी। रिपोर्ट का कंटेंट देखने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि क्यों वहां की ताकतवर लॉबी इसे सार्वजनिक किए जाने के खिलाफ थी और क्यों उसने इसे लोगों की नजरों से छुपाए रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा दी थी। रिपोर्ट में कम से कम 17 तरह के शोषण गिनाए गए हैं, जिनसे केरल फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही महिलाओं को गुजरना पड़ता है। इनमें लेडीज टॉयलेट और चेंजिंग रूम जैसी सुविधाओं की कमी और पारिश्रमिक में भेदभाव से लेकर काम के बदले में सेक्स की डिमांड तक तमाम तरह के शोषण शामिल हैं। रिपोर्ट में ठीक ही कहा गया है कि सेक्शुअल हैरासमेंट ऑफ विमिन एट वर्कप्लेस (प्रिवेंशन, प्रॉहिबिशन एंडरिड्रेसल) एक्ट 2013 जैसे कानून और इसके तहत अनिवार्य बताए गए इंटरनल कमिटी गठित करने जैसे प्रावधान इन मामलों में ज्यादा मदद नहीं करते। इसकी एक वजह यह है कि ये वर्कप्लेस पर हैरासमेंट की बात करते हैं जबकि फिल्म इंडस्ट्री में शोषण अक्सर काम मिलने से पहले ही शुरू हो जाता है। दूसरी बात यह कि शोषण करने वाले लोगों की लॉबी इतनी ताकतवर है कि शिकायत करने की हिम्मत दिखाने पर भी करिअर खत्म हो जाता है। भले जस्टिस हेमा कमिटी की यह रिपोर्ट सिर्फ केरल फिल्म इंडस्ट्री की बात करती हो, अन्य फिल्म इंडस्ट्री को लेकर भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं। इसे भी महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि जिस समय यह रिपोर्ट सार्वजनिक हुई है, कोलकाता में एक डॉक्टर के रेप और मर्डर की घटना को लेकर पूरा देश उद्वेलित है।

सबकी कोशिशों से ही सुधरेगी शिक्षा

समस्या शिक्षा पर खर्च करने की नहीं है, बल्कि शिक्षा के प्रति समुदाय या समाज की भागीदारी और रवैये की है, जिसका बच्चे के पढ़ने-सीखने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यहां वियतनाम एक मिसाल है, विश्व बैंक के शोधकर्ताओं ने पाया कि पीसा टेस्ट में आधे अंक तो केवल सामुदायिक या समाज के सहयोग से हासिल किए जा सकते हैं। जब माता-पिता ने छात्रों और शिक्षकों से अपेक्षा की, तो देश की शिक्षा में सुधार आया, पर ध्यान रहे, आज वियतनाम शिक्षा पर प्रति व्यक्ति खर्च के मामले में विश्व स्तर पर सबसे निचले तीन देशों में आता है।

(वंदना चव्हाण, अधिवक्ता व पूर्व राज्यसभा सांसद)

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने शिक्षा की गुणवत्ता पर फिर प्रकाश डाला है। इस संगठन के अनुसार, पिछली बार जब भारत ने साल 2009 में पीआईएसए या पीसा टेस्ट दिया था, तब भारत गणित, विज्ञान और पढ़ने की क्षमताओं में चीन से 12 साल पीछे था। लगभग 20 पीआईएसए (अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम) अंक पढ़ाई के एक वर्ष के बराबर होते हैं। इन अंकों के आधार पर पता चलता है कि शिक्षा में कौन देश किससे कितना आगे या पीछे है। इस पैमाने पर पिछले 15 वर्षों में दुनिया के दो सबसे बड़े देशों के बीच बड़ा अंतर पैदा हो गया है। 2010 और 2023 के बीच चीन में उच्च शिक्षा में छात्रों की सकल नामांकन दर (जीईआर) 26.5 प्रतिशत से बढ़कर 60.2 प्रतिशत हो गई है, जबकि भारत में यह दर साल 2017 से ही 25-28 प्रतिशत के बीच स्थिर है। गणित, विज्ञान और अक्षर पढ़ने जैसी बुनियादी साक्षरता में कमी की वजह से भारत की श्रम उत्पादकता चीन की तुलना में 44 प्रतिशत कम हो गई है।

इससे भी महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बुनियादी पढ़ाई में असमर्थता की वजह से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में निराशा पैदा हो गई है। यही वजह है कि कक्षा एक में दाखिला लेने वाले 10 में से आठ भारतीय छात्र कक्षा आठ तक नहीं पहुंच पाते हैं। 25 प्रतिशत शिक्षक कक्षा में भी नहीं आते हैं और माता-पिता व अभिभावकों को बड़े पैमाने पर यह चिंता नहीं होती है कि उनका बच्चा पढ़-सीख भी रहा है या नहीं? वास्तव में, इससे एक दुश्चक्र पैदा हो गया है।

समस्या शिक्षा पर खर्च करने की नहीं है, बल्कि शिक्षा के प्रति समुदाय या समाज की भागीदारी और रवैये की है, जिसका बच्चे के पढ़ने-सीखने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यहां वियतनाम एक मिसाल है, विश्व बैंक के शोधकर्ताओं ने पाया कि पीसा टेस्ट में आधे अंक तो केवल सामुदायिक या समाज के सहयोग से हासिल किए जा सकते हैं। जब माता-पिता ने छात्रों और शिक्षकों से अपेक्षा की, तो देश की शिक्षा में सुधार आया, पर ध्यान रहे, आज वियतनाम शिक्षा पर प्रति व्यक्ति खर्च के मामले में विश्व स्तर पर सबसे निचले तीन देशों में आता है। जब आप इसकी तुलना भारत की स्कूल प्रबंधन समितियों से करते हैं, तो असमानता स्पष्ट हो जाती है। यहां 88 प्रतिशत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों ने ऐसी समितियों का गठन किया है, लेकिन प्रधानाध्यापक, शिक्षक और विशेष रूप से माता-पिता बच्चों की शिक्षा में अपनी भूमिका के प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं हैं।

इस दुश्चक्र को तोड़ना जरूरी है। समाज के प्रमुख शुभचिंतकों के व्यवहार को बदलने के लिए संस्थागत हस्तक्षेप की जरूरत है। शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक तंत्र बनाना होगा। हमें अपने शिक्षकों को ज्यादा पढ़ाने देना चाहिए। 'समग्र' के एक अध्ययन के अनुसार, अधिकांश शिक्षक अपना 37 प्रतिशत से भी कम समय शिक्षण गतिविधियों में बिताते हैं, जिससे उनके पास सप्ताह में पढ़ाने के लिए महज 13 घंटे बचते हैं। ऐसे में, शिक्षकों का ज्यादा ध्यान उन छात्रों पर केंद्रित हो जाता है, जिनमें सीखने की क्षमता है, दूसरे छात्रों को वे अनदेखा कर देते हैं। कम आत्मसम्मान, स्वायत्तता का निम्न स्तर और मान्यता की कमी की वजह से भी शिक्षक हतोत्साहित होते हैं और स्थिति बदतर हो जाती है।

हमारे शिक्षकों के पास जो उपलब्ध समय है, उसमें हमें प्रयास करना होगा कि उनके लिए प्रभावी ढंग से पढ़ाना आसान बने। उन्हें सही शिक्षण सामग्री के साथ जरूरी उपकरण प्रदान करने पड़ेंगे। प्रौद्योगिकी में उन्हें सक्षम बनाना होगा। मिसाल के लिए, सत्य भारती स्कूलों में शिक्षकों को एक एप प्रदान किया गया था, जो उन्हें बच्चे की क्षमता के आधार पर कार्य सौंपने की अनुमति देता था। इस अध्ययन से पता चला कि बच्चों ने न सिर्फ बेहतर सीखा, बल्कि 94 प्रतिशत शिक्षक इस बात से सहमत थे कि यह एप विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। साथ ही, शिक्षकों के प्रशासनिक बोझ को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है।

इसके साथ ही शिक्षकों को सुनियोजित शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से आगे बढ़ने के रास्ते दिए जाने चाहिए। अभी सिर्फ एक-तिहाई शिक्षक यह मानते हैं कि उनका सेवाकालीन प्रशिक्षण काफी हद तक फायदेमंद था। शिक्षकों में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वालों को पहचानने की रूपरेखा बहुत प्रभावी साबित हो सकती है। मिसाल के लिए, मध्य प्रदेश में 'क्लासरूम हीरोज' कार्यक्रम है, जो अनुकरणीय शिक्षकों और पढ़ाने की उनकी शैली को प्रोत्साहित करता है। अच्छे शिक्षकों को जब हम सम्मानित करते हैं, तो शिक्षा में नया जोश पैदा होता है।

हालांकि, छात्र अपना सिर्फ 20 प्रतिशत समय कक्षा में और बाकी समय घर पर बिताते हैं। इसी वजह से शिक्षा की गुणवत्ता में माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक अध्ययनों से पता चला है कि मजबूत अभिभावकों की भागीदारी वाले स्कूलों में पढ़ने-सीखने केपरिणामों में सुधार की संभावना 10 गुना बढ़ जाती है।

हालांकि, एक पहलू यह भी है कि माता-पिता की सामाजिक-आर्थिक स्थिति (एसईएस) उनके बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रभावित करती है। कम एसईएस वाले माता-पिता की तुलना में उच्च एसईएस वाले माता-पिता के बच्चे आमतौर पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। अच्छी सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले माता-पिता अपने बच्चे की शिक्षा पर प्रति सप्ताह 70 से अधिक मिनट अतिरिक्त खर्च करते हैं। मतलब, पढ़ने-सीखने के मामले में दो समूह बन जाते हैं और जिनके बीच बड़ा अंतर पैदा हो जाता है।

बहरहाल, स्कूल में बच्चे के प्रदर्शन के बारे में माता-पिता को तमाम प्रासंगिक सूचनाएं देना जरूरी है। मिसाल के लिए, अमेरिका में बच्चे की अनुपस्थिति, छूटे हुए होमवर्क और कम ग्रेड जैसी जानकारी माता-पिता को देने से पाठ्यक्रम विफलताओं में 27 प्रतिशत की कमी आई है।

वास्तव में, एक बच्चे को पढ़ाई के लिए पूरे एक गांव या समाज की जरूरत पड़ती है। उस गांव या समाज में शिक्षक, माता-पिता और समाज के नेता भी शामिल हैं। पढ़ाई से इन सभी को जोड़ने के तरीके खोजने से सबके व्यवहार में स्थायी बदलाव आएगा और ऐसा करना भारत के निपुण भारत मिशन को कामयाब बनाने के लिए भी जरूरी है। (ये लेखिका के अपने विचार हैं)

हरियाणा के चुनावी दंगल में कौन मारेगा बाजी? जानिए किसका पलड़ा है भारी

(राज कुमार सिंह)

राजधानी होने के साथ ही देश का दिल भी मानी जाने वाली दिल्ली के तीन ओर बसा हरियाणा आकार और आबादी में छोटा है, लेकिन खेल से राजनीति तक उसकी धमक बड़ी रहती है। केंद्रीय सत्ता के लिए अप्रैल-जून के बीच हुए चुनावों के बाद अब हरियाणा की सत्ता के दंगल का ऐलान हो चुका है। 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे और 4 अक्टूबर को पता चल जाएगा कि मतदाताओं ने हरियाणा की सत्ता की चाबी किसके हाथों दी। वैसे, हाथ कांग्रेस का चुनाव चिह्न है, जो 10 साल से राज्य की सत्ता से बाहर है और चाबी उस जेजेपी का चुनावी चिह्न है, जो अपने गठन के साल भर के अंदर ही हरियाणा में 'किंग मेकर' बनकर तो उभरी, पर अब बिखराव के कगार पर है।

चौथे लाल का कारनामा - हरियाणा की राजनीति दशकों तक तीन चर्चित लालों- बंसीलाल, देवीलाल और भजनलाल के इर्दगिर्द घूमती रही। 2014 में नरेंद्र मोदी की लहर के चलते भाजपा ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर मुख्यमंत्री के रूप में जिन मनोहर लाल को चुना, चौथे लाल के रूप में वह राज्य की राजनीति की चाल बदलने वाले साबित हुए। आज तीनों चर्चित लाल परिवार के सदस्य भाजपा का झंडा उठाए हुए हैं।

कांग्रेस को बढ़त - 2014 में देवीलाल परिवार की पार्टी आईएनएलडी ने 15 सीटों वाली कांग्रेस को पीछे छोड़ते हुए 19 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी दल का दर्जा हासिल किया, लेकिन 2019 आते-आते सब कुछ बदल गया। देवीलाल परिवार में विभाजन से जेजेपी जन्मी और आईएनएलडी में ऐसी भगदड़ मची कि कांग्रेस को मुख्य विपक्षी दल का दर्जा मिल गया। अब जबकि 2024 के विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है, जेजेपी में भी वैसी ही भगदड़ है। 10 में सात विधायक उसे अलविदा कह चुके हैं। हाल के लोकसभा चुनाव में जेजेपी उम्मीदवार जमानत तक नहीं बचा पाए, जबकि कांग्रेस ने 10 में से पांच लोकसभा सीटें जीत लीं। विधानसभा क्षेत्रों की दृष्टि से देखें तो कांग्रेस ने कुल 90 में से 46 में बढ़त हासिल की, जबकि भाजपा ने 44 में।

हर चुनाव अलग - फिर भी यह नहीं भूलना चाहिए कि हर चुनाव और उसके मुद्दे अलग होते हैं। 2019 के चुनाव पर ही नजर डाल लें। भाजपा ने लोकसभा की सभी 10 सीटें जीतीं, लेकिन चंद महीने बाद हुए विधानसभा चुनाव में 46 सीटों का बहुमत का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। इसलिए हालिया लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 46 विधानसभा क्षेत्रों में मिली बढ़त को एक हद से ज्यादा महत्व नहीं देना चाहिए। इसलिए भी कि लोकसभा चुनाव से दो महीने पहले अचानक ही मनोहर लाल खट्टर ने इस्तीफा दे दिया, नायब सिंह सैनी नए मुख्यमंत्री बने और जेजेपी से गठबंधन भी टूट गया। ऐसे घटनाक्रम का अप्रत्याशित चुनावी प्रभाव और परिणाम होता है।

कांग्रेस में कलह - ऐन चुनाव से पहले होने वाले पाला-बदल का लाभ भाजपा के साथ ही कांग्रेस को भी हुआ है, लेकिन दस साल पहले जिस अंतर्कलह के चलते कांग्रेस की दुर्गति हुई थी, उससे वह आज भी मुक्त नहीं। दस साल मुख्यमंत्री रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा को नेता प्रतिपक्ष और उन्हीं की पसंद से उदयभान को प्रदेश अध्यक्ष बना कर आलाकमान ने उन्हें 'फ्री हैंड' का ही संदेश दिया है। ऐसे में हुड्डा विरोधियों के समक्ष कमल थामने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन अभी भी कुमारी सैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला के रूप में दो दिग्गज ऐसे मौजूद हैं, जिनकी आलाकमान तक सीधी पहुंच है। दोनों ही राष्ट्रीय महासचिव हैं।

सीएम पद पर रस्साकशी - सिरसा से सांसद चुने जाने के बावजूद सैलजा ने विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत दे कर साफ कर दिया है कि वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल हैं। कांग्रेस द्वारा किसी को 'सीएम फेस' पेश करने के आसार कम ही हैं, लेकिन रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा जिस तरह 'हरियाणा मांगे हिसाब' यात्रा निकाल रहे हैं, उसे भूपेंद्र हुड्डा द्वारा अपने बेटे को स्थापित करने के रूप में देखा जा रहा है। जवाब में सैलजा भी अलग यात्रा निकाल रही हैं। यह खेमेबाजी टिकट वितरण में भी दिखेगी।

अन्य दलों की भूमिका - भाजपा और कांग्रेस में सीधी टक्कर के आसार का अर्थ यह नहीं कि अन्य दल चुनाव को प्रभावित नहीं करेंगे। लोकसभा चुनाव कांग्रेस के साथ गठबंधन में लड़ने वाली आप विधानसभा चुनाव अलग लड़ रही है, तो आईएनएलडी ने बसपा के साथ गठबंधन किया है। जेजेपी भी चुनाव मैदान में ताल ठोकेगी ही। पिछले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर किसी को भी हल्के में नहीं लेना चाहिए। बहुकोणीय मुकाबला भाजपा के लिए अनुकूल होगा, क्योंकि सत्ता विरोधी वोट बंट जाएंगे।

तीन स्पीडब्रेकर - इस सियासी दंगल में सबसे अहम होंगे मुद्दे। हरियाणा में बेरोजगारी की उच्च दर अरसे से चर्चा का विषय है। लेकिन भाजपा के लिए असल चुनौती तीन बड़े 'स्पीडब्रेकर' पार करने की होगी- किसान आंदोलन, महिला पहलवानों के दिल्ली में अनशन से बना माहौल व 'अग्निवीर' के नाम से चर्चित 'अग्निपथ' योजना। विवादास्पद कृषि कानूनों के विरोध में दिल्ली की सीमा पर साल से भी लंबे चले किसान आंदोलन का ठिकाना हरियाणा ही था। अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में सबसे ज्यादा मेडल हरियाणा के खिलाड़ी ही लाते हैं। सेना में भागीदारी वाले राज्यों में भी हरियाणा अग्रणी है। कांग्रेस स्वाभाविक ही इन सबका चुनावी लाभ उठाना चाहेगी।

सुधारात्मक कदम - राज्य और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा को भी इन चुनौतियों का अहसास है। इसीलिए सुधारात्मक कदम उठा कर सकारात्मक संदेश देने की कोशिश हो रही है, पर इतनी देर से की जानेवाली ये 'कुछ कोशिशें' क्या जनता का मन बदल पाएंगी– हरियाणा का जनादेश बहुत कुछ इस पर भी निर्भर करेगा। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं) ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

वर्ग पहेली 5470

1	2	3	4		5	■	6
7				■	8		
9		■	10			■	
	■	11		■	12	13	■
■	14			■	■	15	16
17			■	18	■	19	
■	20		21		■		■
22		■	23		■	24	

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1914 को इस विश्व प्रसिद्ध गजल और ठुमरी, दादरा आदि की गायिका ने जन्म लिया था, इनका मूल नाम अख्तरी बाई फैजाबादी था, इन्हें मल्लिका-ए-गजल के खिताब से नवाजा गया था (निधन 30 अक्टूबर 1974) (6)
7. अज्ञात, अप्रसिद्ध, किसे कोई न जानता हो (4)
8. जाकिर हुसैन का नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (3)
9. शरीर का एक संवेदी अंग, नासिका, घ्राणेन्द्रिय (2)
10. याद करने के लिए बारंबार पढ़ना (3)
11. कंधा, स्कंध, जुलाहों की कूंची (2)
12. हाथी को यह भी कहते है (2)
14. हलफ, कसम, सौगंध (3)
15. रिश्ता, संबंध (2)
17. पदवी, दर्जा, पोस्ट, पद (3)
19. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
20. शक्तिहीनता, अशक्तता, क्षीणता (4)
22. बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
23. दस्ता, ब्रिगेड, उर्दू का एक अक्षर (2)
24. वह जो किया जाए (2)

ऊपर से नीचे

1. निर्दोष, बेकसूर, निष्पापा (4)
2. सुगंध, खुशबू, महक (3)
3. वर्जित किया हुआ, निषिद्ध (2)
4. हिंदुओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थल जहां बर्फ के शिवलिंग का दर्शन होता है (5)
5. कुल लाल सुखी लिए हुए (4)
6. किसी वी.वी.आई.पी. के आने पर तोपों का फेर (3)
11. स्याह जुबान, बदजबान, शाप देने वाला (4)
13. अभिनेता नसीरुद्दीन शाह की दिवंगत अभिनेत्री सास (5)
14. नफीरी, एक मंगल वाद्य (4)
16. कोई चुटीली बात, कटाक्ष, कटुवचन (2)
18. वह बाल जिसका पिता मर गया हो, अनाथ (3)
21. फन, सीम (चंद्र) का सोलहवां अंश, आर्ट, सूर्य का बारहवां हिस्सा, हुनर (2)

वर्ग पहेली 5469 का हल

फि	जी	■	ग	या	ना	■	■
रा	त	■	ल	र	ज	ना	■
क	ना	ग	त	■	■	ना	ता
गो	■	म	फ	ल	र	■	न
र	क्षा	■	ह	स्त	■	पा	ना
ख	■	र	मी	■	हों	की	■
पु	ष्प	क	■	आ	■	जा	वा
री	■	मी	जा	न	■	■	दी

अपनी हीरक जयंती मना रहा अर्थशास्त्र का श्रेष्ठ स्कूल

(विवेक शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार)

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह अगर पूरी तरह स्वस्थ होते, तो वह दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, जिसे डी स्कूल भी कहते हैं, के हीरक जयंती समारोह में जरूर भाग लेते। उन्होंने 1969 से 1971 तक यहां पढ़ाया है। नोबेल विजेता अमर्त्य सेन, सुखमय चक्रवर्ती, मृणाल दत्ता चौधरी और एएल नागर जैसे प्रख्यात अर्थशा्त्रियों ने यहां पढ़ाया है। सुखमय चक्रवर्ती भारत की पंचवर्षीय योजनाओं के जनक थे। अब भी यहां राम सिंह, टीसीए अनंत, अभिजीत बनर्जी जैसे श्रेष्ठ शिक्षक कक्षाएं लेते हैं।

दरअसल, देश को स्वतंत्रता मिलने के तुरंत बाद प्रोफेसर वीकेआरवी राव के नेतृत्व में कुछ दूरदर्शी अर्थशा्त्रियों व शिक्षाविदों ने भारत में अर्थशास्त्र में गहन शोध के लिए एक श्रेष्ठ शिक्षण संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के सामने रखा। नतीजतन, सरकार के सहयोग से दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स साल 1949 में स्थापित हो गया। डी स्कूल का स्तर तब से लेकर अब तक श्रेष्ठ रहा है। इसकी स्थापना के बाद यहां अर्थशास्त्र ही नहीं, भूगोल और समाज शास्त्र में अध्ययन और शोध भी शुरू हुआ, पर इसकी पहचान इसकी अर्थशास्त्र की फैक्ल्टी के रूप में ही मुख्य रूप से होती है। शेष दोनों विभाग 1959 में अस्तित्व में आए। प्रोफेसर ए दासगुप्ता के नेतृत्व में 1967 में मैनेजमेंट स्टडीज ने एक स्वतंत्र संकाय का दर्जा प्राप्त किया। उसी वर्ष कॉमर्स का भी एक अलग विभाग बनाया गया।

कहते हैं, किसी कॉलेज या यूनिवर्सिटी के स्तर को जानने के लिए वहां के कैफेटेरिया या लाइब्रेरी में कुछ देर बैठना चाहिए। डी स्कूल की कैंटीन में यहां के अध्यापक और छात्र देश-दुनिया में आर्थिक विकास की गति और अर्थशास्त्र से जुड़े अन्य सामयिक सवालों पर गहराई से चर्चा करते दिखते रहते हैं। इसके मौजूदा निदेशक और चोटी के अर्थशास्त्री डॉ राम सिंह कहते हैं, इसकी तासीर में सारगर्भित संवाद मिला हुआ है। इसमें कोई शक नहीं कि कड़क चाय और कॉफी के साथ ये चर्चाएं परवान चढ़ती हैं। शिक्षकों, छात्रों में मतभेद भी होते हैं, पर संवाद मर्यादित रहते हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की प्रमुख डॉ गीता गोपीनाथ ने भी इधर की कॉफी हाउस चर्चाओं में खूब भाग लिया होगा। वह भी यहां की छात्रा रही हैं।

प्रो वीकेआरवी राव ने यहां इस तरह की संस्कृति विकसित की, ताकि अध्यापकों और छात्रों के बीच समकालीन आर्थिक सवालों पर गहन बातचीत होती रहे। वह खुद कैफेटेरिया में रोज कुछ समय तक आकर बैठना पसंद करते थे। इस बौद्धिक परंपरा को बाद के गुरुजन भी आगे बढ़ाते रहे। डी स्कूल के पुराने अध्यापक बताते हैं कि डॉ मनमोहन सिंह भी यहां बैठा करते थे। हालांकि, वह यहां की लेडी रतन टाटा लाइब्रेरी में ही बैठकर पढ़ना ज्यादा पसंद करते थे। लेडी रतन टाटा लाइब्रेरी में लाखों किताबें हैं। इसे समृद्ध बनाने में टाटा समूह ने उदारता से सहयोग किया है। डॉ मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्रित्व काल में देश की सारी आर्थिक नीतियों को इसी स्कूल वाले दिशा दे रहे थे। तब उनके प्रमुख आर्थिक सलाहकारों में क्रमश- मोंटेक सिंह अहलूवालिया और कौशिक बसु थे।

आज का राशिफल

मेष

आज भाग्य साथ देगा और आज आपके परिवार का नाम रौशन होगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। काम में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। धार्मिक कार्य में आपका मन लगेगा। सामाजिक कार्य में आपका मन लगेगा और योजनाएं सफल होंगी।

वृषभ

आज लाभ होगा और आपके अच्छे आचरण से ऑफिस और परिवार के लोग आपसे प्रसन्न होंगे और आपकी हर मामले में मदद करेंगे। आपको कोई विशेष सफलता मिलने से हर्ष होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। नौकर-चाकर और भौतिक सुख में वृद्धि होगी और आप अपना दिन आराम से बिताएंगे।

मिथुन

आज करियर में लाभ होगा। कोई मुकदमा चल रहा है तो उसका फैसला आपके हित में आ सकता है और आपको शीघ्र ही इस मामले में कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है।

कर्क

आज करियर में सफलता का दिन है। आपके सुख सम्मान में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको सेहत को लेकर काफी कुछ भागदौड़ करनी पड़ सकती है और परिवार के लोगों के साथ कुछ विवाद हो सकते हैं।

सिंह

आज दिन आर्थिक मामलों में लाभ से भरा होगा। यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ बड़े परिवर्तन हो सकते हैं। नौकरीपेशा हैं तो आपके अधिकार में वृद्धि होगी। आपको आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा।

कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी जिम्मेदारियां भी बढ़ सकती हैं। आप अपनी शानशौकत के लिए धन का अपव्यय कर सकते हैं। कोई भी काम बहुत संभलकर करें। आप दूसरों के काम के लिए काफी दौड़भाग करेंगे और अपना काम मन लगाकर करेंगे। इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा।

तुला

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। बिजनस में निवेश बढ़ाने का फैसला न लें वरना आपको नुकसान हो सकता है। कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के काम से दूर रहें। शाम से लेकर रात तक तक भी छोटे-मोटे कष्ट और दौड़भाग हो सकती है। मानहानि की संभावना बनी रहेगी।

धनु

आज करियर में लाभ का दिन है और आपका मन अच्छे काम में लगेगा। आपके ज्ञान में वृद्धि होगी और आप बुद्धि विवेक से नई-नई खोज कर पाएंगे। शाम के वक्त आपकी सेहत में गिरावट आ सकती है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं नौकर चाकर विश्वासघात करने का प्रयास कर सकते हैं, सावधान रहें।

कुंभ

आज लाभ होगा और आपका मन प्रसन्न रहेगा। जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि हो सकती है। भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए कार्य में निवेश करने के बारे में सोच सकते हैं। आगे चलकर लाभ होगा। संतान के सुख में प्रयासों में सफलता मिलेगी और लाभ होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

वृश्चिक

आज लाभ का दिन है और आपके सुख में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके पद और अधिकारों में वृद्धि होगी। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी। आपके सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। शाम से लेकर रात का समय आनंद में बीतेगा और आपका मन अच्छे काम में लगेगा।

मकर

आज लाभ होगा और मन शक्ति और उत्साह से भरा रहेगा। ऐसे अनावश्यक खर्चे आपके सामने आएंगे कि आपको न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी प्रोन्नित रूकी हुई है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। शाम को परिवार के लोगों के साथ किसी शुभ कार्य में जाएंगे।

मीन

आज लाभ का दिन है और आपके सुख सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसनन होगा। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी और आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा।

संक्षिप्त समाचार

एबीवीपी को पसंद नहीं आया लेफ्ट समूह पर बैन, यूनिवर्सिटी के खिलाफ खोला मोर्चा

नईदिल्ली, एजेंसी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने टाटा

सामाजिक विज्ञान संस्थान में अपने वैचारिक प्रतिद्वंद्वी प्रोग्रेसिव स्टूडेंट्स फोरम के पक्ष में आवाज उठाई और कहा कि वामपंथी संगठन पीएसएफ को प्रतिबंधित करने का संस्थान का फैसला तर्कहीन है। एबीवीपी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए। एबीवीपी ने गुरुवार को कहा कि छात्र समूह पीएसएफ पर अचानक और तर्कहीन प्रतिबंध लगाने से ऐसे संगठनों में काफी अशांति पैदा होने का खतरा है। एबीवीपी ने कहा कि इस तरह के कदम से भविष्य में होने वाले छात्र परिषद चुनावों की शुचिता पर गंभीर असर पड़ सकता है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की आधारशिला हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधीन आने वाले प्रमुख संस्थान टीआईएसएस ने पीएसएफ पर 19 अगस्त को प्रतिबंध लगाते हुए कहा था कि यह संगठन ऐसी गतिविधियों में शामिल रहा है जो संस्थान के कामकाज में बाधा डालती हैं और इसकी छवि खराब करती हैं। एबीवीपी ने कहा कि उसका दृढ़ता से यह मानना है कि शैक्षणिक संस्थानों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक गतिविधियों का गढ़ होना चाहिए। उसने कहा कि छात्र समुदाय के विविध विचारों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न छात्र संगठनों की उपस्थिति आवश्यक है। एबीवीपी की सचिव निधि गाला ने कहा, टीआईएसएस में छात्र संगठनों पर अचानक और अनुचित प्रतिबंध इन सिद्धांतों पर सीधा हमला है। टीआईएसएस के दक्षिणपंथी छात्र संगठन डेमोक्रेटिक सेक्युलर स्टूडेंट्स फोरम (डीएसएसएफ) ने भी कहा कि परिसर में संगठनों पर प्रतिबंध लगाना उस मूल पर प्रहार करना है जो इस प्रमुख संस्थान को अग्रणी शिक्षण संस्थान बनाता है।

पुरानी पेंशन व्यवस्था दोबारा बहाल होगी? ओपीएस पर सरकारी कर्मचारियों से बात करेंगे पीएम मोदी

नईदिल्ली, एजेंसी। केंद्र और राज्य सरकारों के कर्मचारी लगातार कई वर्षों से पुराने पेंशन

स्कीम को फिर से बहाल करने की मांग कर रहे हैं। इसको लेकर कई बार आंदोलन भी हो चुके हैं। विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने कई चुनावों में इसका वादा कर्मचारियों से किया है। इस बीच बीते 10 वर्षों में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्र सरकार के कर्मचारियों और कार्मिक मंत्रालय के राष्ट्रीय स्तर के संयुक्त परामर्श तंत्र (जेसीएम) में कर्मचारी प्रतिनिधियों से मिलेंगे। इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करेंगे। कार्मिक मंत्रालय ने जेसीएम सचिव शिव गोपाल मिश्रा और जेसीएम के कर्मचारी पक्ष के अन्य सदस्यों को शनिवार को प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर पीएम से मिलने के लिए निमंत्रण भेजा गया है। बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने का मुद्दा उठने की संभावना है। शिव गोपाल मिश्रा ने अंग्रेजी अखबार द हिंदू को बताया कि कर्मचारी प्रतिनिधियों ने पीएम मोदी से मुलाकात की मांग की थी। उन्होंने कहा, 卐हम कई मुद्दों पर सरकार के संपर्क में हैं। हम अपने मुद्दों पर प्रधानमंत्री से भी मिलना चाहते थे।卐 उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली एक महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसका अभी तक समाधान नहीं हुआ है। हम इसे प्रधानमंत्री के समक्ष भी उठाएंगे। केंद्र सरकार और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों के कर्मचारियों की यूनियनों ने पहले 1 मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया था। सरकार के साथ चर्चा के बाद इसे टाल दिया गया था। वे पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने और सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण और निगमीकरण को रोकने की मांग कर रहे हैं। कर्मचारी केंद्र से विभिन्न विभागों में मौजूदा पदों को भरने की भी मांग कर रहे हैं।

बदलापुर कांड के आरोपी की मां बोली- मेरे बेटे ने रेप किया है तो उसे फांसी पर चढ़ा दो

मुंबई, एजेंसी। बदलापुर यौन उत्पीड़न केस ने पूरे महाराष्ट्र को आक्रोशित कर दिया था। इस मामले में आरोपी की मां ने गुरुवार को कहा, अगर मेरे बेटे ने कुछ गलत किया है, तो अदालत को उसे मौत की सजा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संभव नहीं है कि उनके बेटे ने बच्चों के साथ मारपीट की हो। आपको बता दें कि आरोपी ने पिछले दो सालों में तीन बार शादी की है और उसकी तीसरी पत्नी अब पांच महीने की गर्भवती है। आरोपी की मां स्कूल के दूसरे सेक्शन में सफाईकर्मी का काम करती है। हाल ही में उसका छोटा बेटा जो स्कूल में काम करता था वह दूसरे सेक्शन में चपरासी बन गया। इसके बाद उसने संदिग्ध को स्कूल में सफाईकर्मी का काम दिलवा दिया। आरोपी बदलापुर के खरवई गांव में अपनी मां, पिता, छोटे भाई और पत्नी के साथ रहता है। भीड़ द्वारा अपने घर में तोड़फोड़ किए जाने के बाद परिवार अपनी जान को लेकर डरा हुआ है। पुलिस ने वहां सुरक्षा बढ़ा दी है। स्कूल में सफाईकर्मी का काम करने से पहले आरोपी अपनी मां के साथ हाउसिंग सोसाइटी में सफाईकर्मी का काम करता था। सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहली दो पत्नियां शादी के तुरंत बाद उसे छोड़कर चली गईं। मामले के लिए गठित एसआईटी ने आठ टीमें गठित की हैं।

इसरो प्रमुख ने भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की सराहना की

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने भारत के अंतरिक्ष पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में उनकी भूमिका के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की. 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने के अवसर पर सोमनाथ ने अंतरिक्ष क्षेत्र को आगे बढ़ाने की दिशा में पीएम मोदी के नेतृत्व में हाल ही में किए गए नीतिगत सुधारों और पहलों पर प्रकाश डाला.

इसरो प्रमुख ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में कई प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेपों में पीएम मोदी का नेतृत्व महत्वपूर्ण रहा है. उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के रूप में, मोदी ने न केवल सरकारी प्रणाली के माध्यम से नीतियां बनाई हैं, उन्हें लागू भी किया है. तीन प्रमुख पहलों पर प्रकाश डालते हुए इसरो प्रमुख ने कहा, अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधारों के बाद, हम अंतरिक्ष नीति पर काम कर रहे. यह नई नीति अंतरिक्ष विभाग, इसरो और न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) की भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करती है, जिससे अंतरिक्ष गतिविधियों में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी का मार्ग प्रशस्त होता है. उन्होंने कहा,एक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति की भी घोषणा की गई है, जिसमें अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी निवेश या विदेशी निवेश को कुछ नियंत्रणों और विनियमों के साथ अनुमति दी गई है, जो पहले संभव नहीं था. तीसरा भू-स्थानिक नीति पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी

विभाग, डीएसटी द्वारा किया गया है. इसका मतलब है कि सभी भू-स्थानिक डेटा, उपग्रह डेटा भी अब सभी के लिए पाँच-मीटर रिज़ॉल्यूशन तक निःशुल्क उपलब्ध कराया गया है, ताकि इस पर एक द्वितीयक प्रभाव डाला जा सके. हाल की उपलब्धियों पर विचार करते हुए, सोमनाथ ने चंद्रयान-3 के चंद्रमा पर उतरने की घटना में प्रधानमंत्री की लाइव भागीदारी को याद किया. उन्होंने कहा, मुझे याद है कि हमारे प्रधानमंत्री मोदी लाइव प्रसारण देख रहे थे और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से कुछ पल निकालकर हमारे साथ शामिल हुए थे. चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद, मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस घोषित किया और लैंडिंग स्थल का नाम शिव शक्ति पॉइंट रखा, जबकि चंद्रयान-2 लैंडिंग स्थल को तिरंगा पॉइंट नाम दिया. सोमनाथ ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र में मोदी की यात्रा को भी याद किया, जहाँ उन्होंने गगनयान मिशन और अन्य अंतरिक्ष परियोजनाओं में गहरी रुचि दिखाई. सोमनाथ ने कहा, ÷हमें अमृतकाल में अंतरिक्ष 2047 के लिए एक दीर्घकालिक रोडमैप, एक विजन तैयार करने के लिए कहा गया था. प्रधानमंत्री गगनयान कार्यक्रम और अंतरिक्ष स्टेशन की योजनाओं सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों पर हमारी प्रस्तुति से बहुत खुश थे.÷ यू आर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) के निदेशक एम शंकरन ने भी चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के बाद प्रधानमंत्री की अंतरिक्ष केंद्र की यात्रा को याद किया।

2 साल में 2 लाख युवाओं को नौकरी देगी सरकार, सीएम योगी का बड़ा ऐलान

मुजफ्फरनगर , एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पुलिस भर्ती में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नौजवानों की योग्यता और परीक्षा से खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। यदि किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उसकी संपत्ति कुर्क कर गरीबों में बांट दी जाएगी। ऐसे लोगों की संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। मुजफ्फरनगर में वृहद रोजगार मेले में मुख्यमंत्री ने कहा कि दो वर्षों में दो लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी। 60 हजार पुलिस भर्ती से इसकी शुरुआत हो रही है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने एक दिवसीय दौरे पर सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में थे। सुबह सहारनपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पुलिस लाइन में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों संग बैठक की फिर सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। अफसरों को महिला अपराधों पर शत-प्रतिशत अंकुश लगाने और कठोर सजा दिलाने के आदेश दिए। मुजफ्फरनगर के जानसठ क्षेत्र स्थित बीईटी परिसर में रोजगार मेले को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग देश को तोड़ने और बांटने की साजिश रच रहे हैं, जिसे किसी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा।

कांग्रेस-पवार से बोले उद्धव ठाकरे- मुख्यमंत्री कैंडिडेट पर कर लें फैसला, भले ही नहीं करें घोषणा

मुंबई, एजेंसी। महाराष्ट्र में इसी साल अंत तक विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। महा विकास अघाड़ी में शामिल घटक दल एक-दूसरे पर दबाव बना रहे हैं। उद्धव बालासाहेब ठाकरे सेना गुट का नेतृत्व कर रहे उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरदचंद्र पवार से कहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले सहयोगियों के बीच मुख्यमंत्री का चेहरा तय हो जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा है कि आप चाहो तो सार्वजनिक रूप से उस नाम की घोषणा नहीं भी कर सकते हो। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी नेतृत्व को इस बारे में बता दिया है। ठाकरे दोनों दलों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं कि वे या तो मुख्यमंत्री पद के लिए किसी उम्मीदवार का चयन करें या फिर उनके नाम को स्वीकार कर लें। उद्धव लगातार उनके साथ बैठकों में इस मुद्दे को उठाते हैं और सार्वजनिक रूप से भी इसे दोहराते हैं। उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस और एनसीपी के साथ पिछली बैठक में कहा था, मैं नहीं चाहता कि भाजपा के साथ हमारा अनुभव दोहराया जाए। हम 25-30 साल से साथ थे और हम इस बात पर सहमत थे कि सबसे ज्यादा सीटें जीतने वाली पार्टी का मुख्यमंत्री बनेगा। इस तर्क से अगर आप ज्यादा सीटें जीतते हैं तो आप मुख्यमंत्री बन जाएंगे। इसलिए मैं आपको संख्या बल में नीचे गिरा दूंगा। ऐसे में गठबंधन का उद्देश्य क्या है? इससे पहले कांग्रेस के एक नेता ने कहा था कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के घटक दलों के बीच आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे का मुख्य मापदंड जीतने की क्षमता होगी और इस पर सौहार्दपूर्ण ढंग से जल्द से जल्द काम किया जाएगा। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष नसीम खान ने पीटीआई को बताया था कि एमवीए पहले से ही चुनाव एवं प्रचार मोड में है।

छत्तीसगढ़ में आदिवासी युवती से हुआ गैंग रेप, फरार आरोपी की ओडिशा में लाश बरामद

रायगढ़, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले मे आदिवासी युवती का गैंग रेप करने वाले आरोपियों में से एक फरार शख्स की लाश बरामद हुई है। पुलिस को उसकी लाश पड़ोसी राज्य ओडिशा में बरामद हुई है। बताया जा रहा है कि वो अपने मामा के घर में छुपा हुआ था। करंट लगने से उसकी मौत हो गई है। रायगढ़ के पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि फरार आरोपी की मौत हो गई है। वह अब तक ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में रेंगाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सराईपाली गांव स्थित अपने मामा के घर में छुपा था। उन्होंने बताया कि उसकी मौत जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित बिजली के तार की चपेट में आने से हो गई है।

फिलहाल रेंगाली पुलिस मौके पर पहुंच गई है और तार बिछाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। साथ ही आरोपी की लाश को अस्पातल में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला ने बताया कि सामूहिक बलात्कार के इस मामले में कुल आठ आरोपी थे। इसमें से 15 साल के एक नाबालिग समेत सात लोगों को पकड़ लिया गया है। आठवां फरार आरोपी संजय यादव (18) पुलिस से बचने के लिये ओडिशा चला गया था।

कांग्रेस का आरोप, भाजपा नेताओं की मिलीभगत से गुजरात में चल रहा नशीली दवाओं का कारोबार

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात में कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा नेताओं की मिलीभगत से राज्य में नशीली दवाओं का कारोबार चल रहा है, और प्रतिबंध के बावजूद यहां शराब पानी से ज्यादा उपलब्ध है।

विधानसभा के मॉनसून सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को कांग्रेस विधायकों के निलंबन के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी ने सदन से वॉकआउट करने के बाद 11 कांग्रेस विधायकों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। अमित चावड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती थी कि सदन में गुजरात शराबबंदी कानून पर चर्चा हो, इसलिए स्पीकर ने कांग्रेस विधायकों निलंबित कर दिया। उन्होंने कहा, गुरुवार को विधानसभा में शराबबंदी कानून पर चर्चा होनी थी। गुजरात में शराबबंदी के बावजूद पीने के पानी से ज्यादा शराब उपलब्ध है। हर जगह खुलेआम ड्रग्स बिक रही है। गुजरात के अंदर कई दवा कंपनियों की आड़ में ड्रग्स का निर्माण हो रहा है। ड्रग तस्कर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ देखे जा रहे हैं। भाजपा के लोगों की मिलीभगत से पूरे गुजरात में ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। उन्होंने कहा कि ये लोग विधानसभा में इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होने देते, क्योंकि इससे भाजपा सरकार की पोल खुल जाएगी। इसलिए, आज कांग्रेस विधायकों को बहुमत के बल पर विधानसभा से निलंबित किया गया है ताकि उनका भ्रष्टाचार उजागर न हो। सरकार के प्रवक्ता और

गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने विपक्ष के आरोपों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दाहोद की घटना को लेकर सदन में नियमों के खिलाफ आचरण किया और प्लेकार्ड लेकर आए। इसलिए उनके खिलाफ कार्रवाई की गई। गुजरात विधानसभा के स्पीकर ने आज मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के 11 विधायकों को सदन से वॉकआउट करने के बाद एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। तीन दिवसीय मानसून सत्र के दूसरे दिन विपक्षी पार्टी के ये विधायक अल्प सूचना पर कुछ सवाल पूछना चाहते थे, लेकिन स्पीकर शंकर चौधरी ने उनकी मांग खारिज कर दी।

छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर शराब कारोबारियों ने किया हमला, कई पुलिसकर्मी घायल : बेतिया, एजेंसी। बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के नौतन थाना क्षेत्र में गुरुवार को अवैध शराब का कारोबार करने वालों को गिरफ्तार करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर दिया गया। इस हमले में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। उत्पाद विभाग के सूत्रों ने बताया कि इलाके में अवैध शराब की तस्करी की सूचना पर शिवराजपुर में छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की टीम पर शराब कारोबारी और अन्य लोगों ने हमला बोल दिया। हमले में आधा दर्जन पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज बेतिया राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायलों में उत्पाद विभाग के एस आई नागेन्द्र प्रसाद, जवान पप्पू कुमार चौधरी, विंध्याचल यादव और योगेन्द्र प्रसाद का नाम शामिल हैं। उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उत्पाद विभाग को सूचना मिली की शिवराजपुर छरकी के मोतीलाल मुखिया के घर दस कार्टन शराब रखा गया है। सूचना पर पहुंची टीम ने जांच शुरू की, तभी घर एवं आस पास के लोग उत्पाद विभाग की टीम पर लाठी- डंडे से हमला बोल दिया।

वीआईपी चोर गिरफ्तार, पूरा परिवार कार से करता था चेन स्नेचिंग

लखनऊ, एजेंसी। अक्सर आपने बाइक सवार पुरुषों को ही चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देते देखा होगा। लेकिन फॉर्च्यूनर गाड़ी से चेन स्नेचिंग करने वाली महिला चोरों के बारे में नहीं सुना होगा। जिले में सास, बहू और ननद की तिगड़ी फॉर्च्यूनर गाड़ी से राह चलती महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नेचिंग करती है।

पुलिस ने इस गिरोह की तीन महिलाओं सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया हैइ पुलिस ने इनके पास से करीब 7 लाख रुपए के सोने के आभूषण भी बरामद किए हैं। एएसपी अनुकृति शर्मा ने बताया कि 18 अगस्त को गुन्नौर थाने में धनारी के गांव भकरौली निवासी मुनेश कुमार ने मनीषा सहित तीन महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

जिसमें बताया गया कि मुनेश कुमार की पत्नी संजू अपनी बहन गुड्डू के साथ बबराला में खरीदारी करने गई थी। संजू से तीन महिलाओं एवं उनके अन्य साथी द्वारा ई-रिक्शा से जाते वक्त सोने की चेन छीन ली गई थी। हालांकि 19 अगस्त को लोगों की मदद से चेन स्नेचिंग करने वाली तीन

महिलाओं को चोरी की चेन के साथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था।

वहीं, तीनों महिलाओं के पुरुष साथी को भी मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इन चारों के पास से करीब 10 तोला सोना (कीमत 7 लाख) और पांच हजार रुपए बरामद किए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण अनुकृति शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार चारों आरोपी मोहन उसकी पत्नी मनीषा, बहन ममता और उसकी मां विमलेश विभिन्न जनपदों में टेंपो ई रिक्शा में सवार महिलाओं के आभूषण चोरी करते थे। इनके पास से एक फॉर्च्यूनर गाड़ी बरामद हुई है। यह लोग फॉर्च्यूनर गाड़ी से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। फॉर्च्यूनर गाड़ी मोहन मनीषा के नाम दर्ज है। इनके ऊपर संभल, अमरोहा, बिजनौर आदि जिलों में केस दर्ज है।

किरोड़ी लाल मीणा के बाद नौक्षम चौधरी ने दी बीजेपी को टेंशन. इस्तीफे की धमकी

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में बीजेपी की विधायक नौक्षम चौधरी ने इस्तीफे की धमकी देकर पार्टी को सकते में डाल दिया है। दरअसल, डीग जिले के कामां में असामाजिक तत्वों की ओर से डॉ.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को खण्डित कर देने से नाराज जाटव समाज के लोगों ने अम्बेडकर पार्क पर पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। साथ ही अम्बेडकर सर्किल के सामने टायर जलाकर व अवरोध डालकर जाम लगा दिया और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार करने की मांग की। उल्लेखनीय है कि किरोड़ी लाल मीणा ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर बीजेपी की टेंशन बढ़ा रखी है। पार्टी आलाकमान ने इस्तीफा स्वीकार नहीं किया है। इसके बावजूद वह इस्तीफा नहीं लेने पर अड़े हुए है।

सूचना मिलने पर कामां विधायक नौक्षम चौधरी पहाड़ी क्षेत्र के दौरे को छोडकर कामां पहुंची। जहां उन्होंने कहा कि यह घटना शर्मनाक व निंदनीय है और इस कृत्य को करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस की ओर से शुक्रवार दोपहर 12 बजे तक कार्रवाई नहीं की गई तो मैं भी अपने पद से इस्तीफा दे दूंगी। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही नई प्रतिमा लगाने का कार्य किया जाएगा।

सूचना मिलने पर कामां पुलिस प्रशासन के

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जाटव समाज के लोगों से समझाइश की। लेकिन गुस्साए लोगों ने प्रशासन की नहीं सुनी और पार्क में ही समाज के लोग धरने पर बैठ गए। इस मामले को तूल पकड़ता देख आस पड़ोस के दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर घर चले गए।

बीती रात को कस्बा के जुरहरा रोड अम्बेडकर सर्किल स्थित पार्क में डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के दाहिने हाथ के पंजे को किसी असामाजिक तत्वों ने खण्डित कर देने की सूचना सुबह जब जाटव समाज के लोगों को मिली तो समाज के लोगों आक्रोश फैल गया। सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष अम्बेडकर पार्क पहुंचकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपियों की 24 घन्टे के भीतर गिरफ्तारी करने की मांग की।

हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात

बरेली, एजेंसी। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने असम में मुस्लिम निकाह काजियों के पंजीकरण न होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा मुसलमानों के खिलाफ बेतुकी बयानबाजी करते हैं और कानून बनाने की बात करते हैं। इससे पूरे देश के मुसलमान तनाव से गुजर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि असम के मुख्यमंत्री हर नए दिन मुसलमानों के खिलाफ दुष्प्रचार करते हैं। वह असम विधानसभा में एक विधेयक लाने की बात कर रहे हैं और एक नया कानून बनाने का प्रावधान किया है। इस कानून के माध्यम से वह इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार निकाह की मान्यता रद्द करने और इसे सरकार द्वारा पंजीकृत करने का प्रावधान ला रहे हैं। उन्होंने कहा, सीएम की मंशा है कि जो भी इस्लामी रीति रिवाज है उसे खत्म कर दिया जाए और इस बहाने मुसलमानों को परेशान किया जाए। इस देश में हिंदुत्ववादी दृष्टिकोण रखने वाले मुख्यमंत्री और राजनीति का दुरुपयोग करने वालों की सत्ता ज्यादा दिन नहीं चलती। उल्लेखनीय है कि असम में मुसलमानों की शादी और तलाक को लेकर जल्द ही बहुत कुछ बदलने वाला है। असम की भाजपा सरकार विधानसभा में एक विधेयक पेश करने की तैयारी में है। इस विधेयक के आने



से मुस्लिम शादियों का पंजीकरण काजी नहीं बल्कि सरकार के समक्ष होगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार मुस्लिम लोगों के विवाह और तलाक के अनिवार्य सरकारी पंजीकरण के लिए विधानसभा के आगामी सत्र में यह विधेयक पेश करेगी। सरमा ने कैबिनेट बैठक के बाद मीडिया को बताया कि सरकार आगामी सत्र के दौरान असम अनिवार्य मुस्लिम विवाह और तलाक पंजीकरण विधेयक, 2024 पेश करेगी। यह सत्र आज से शुरू हो गया है।

अयोध्या में पीएम मोदी, सीएम योगी की तारीफ करने पर पति ने दिया तीन तलाक : अयोध्या, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले से एक हैरतअंगेज मामला आया है। यहां एक मुस्लिम महिला को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करने के कारण उसके पति ने जलाने की कोशिश की और तीन तलाक दे दिया। बहराइच की निवासी मरियम का निकाह अयोध्या के दरवाजा निवासी अरशद के साथ दिसंबर 2023 में हुआ था। दोनों खुशी से साथ रह रहे थे और सब कुछ ठीक चल रहा था। मरियम को अपना ससुराल अयोध्या बहुत पसंद आ रहा था। यहां का वातावरण, माहौल, और आबो हवा से वह बहुत खुश थी। मरियम ने अयोध्या के वातावरण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ कर दी। यह बात उसके पति अरशद को नागवार गुजर गई। अरशद इस बात पर आग बबूला हो गया। उसने गुस्से में आकर मरियम के ऊपर गर्म दाल फेंक दी। इससे भी संतोष नहीं मिला तो उसने अपनी पत्नी को तीन बार तलाक कह दिया। मरियम ने कहा, मैं गांव की रहने वाली हूं। जब मैं अयोध्या शहर आई तो मुझे बहुत अच्छा लगा। इसलिए मैं अपने पति से पीएम मोदी और सीएम योगी की तारीफ कर रही थी। इस पर वह गुस्सा हो गए और मुझसे झगड़ा करके घर से निकाल दिया। लोगों ने सुलह करा कर मुझे दोबारा अपने पति के पास भेजा लेकिन वह मेरे साथ मारपीट करने लगे। मेरे ऊपर गर्म दाल डालकर जलाने की कोशिश की और तीन तलाक कह दिया। मरियम का कहना है कि उसने कोई गुनाह नहीं किया है। अपने देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री की तारीफ की है, कोई पाप नहीं किया है। मरियम न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। वह सीएम योगी से न्याय की गुहार लगा रही है।



रोनाल्डो ने जॉर्जीना से की शादी!

नईदिल्ली, एजेंसी। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने जॉर्जिना रोड्रिग्ज को अपनी पत्नी बताकर फैंस को हैरान कर दिया है। 39 वर्षीय फुटबॉल आइकन 2016 से जॉर्जिना को डेट कर रहे हैं। इस जोड़े के दो बच्चे हैं, जबकि वह उनके अन्य तीन बच्चों की सौतेली मां भी हैं। इस जोड़े ने सार्वजनिक रूप से अपनी शादी की घोषणा नहीं की है।

हालांकि, रोनाल्डो ने एक इंटरव्यू में संकेत दिया कि उन्होंने और जॉर्जीना ने एक गुप्त समारोह में शादी कर ली है। दरअसल, उक्त बात रोनाल्डो द्वारा नया यूट्यूब चैनल खोलने के बाद आया है। रोनाल्डो ने इस यूट्यूब की लॉन्चिंग के साथ ही रिकॉर्ड बना दिया है।

उन्होंने इस पर एक वीडियो डाली है जिसमें वह बोलते हुए सुनाई देते हैं कि मैं अभी अपनी पत्नी का परिचय दूंगा। रोनाल्डो की उक्त बात को प्रशंसकों ने तुरंत पकड़ लिया। फैंस ने कमेंट्स में लिखा- उसने उसे पत्नी कहा। एक दूसरे ने कहा- उसने कहा मेरी पत्नी, जियो। वीडियो में रोनाल्डो और जॉर्जिना दोनों को अंगूठियां पहने हुए भी देखा गया। इस साल की शुरुआत में भी रोनाल्डो ने एक विज्ञापन में जॉर्जीना से जुड़ी पत्नी शब्द की टिप्पणी की थी।

उक्त वीडियो में, रोनाल्डो जॉर्जिना को मेरी पत्नी कहने से पहले घर पर ट्रेनिंग लेते दिखते हैं। रोनाल्डो ने उक्त वीडियो में कहा कि जब मैं क्लब में ट्रेनिंग नहीं ले रहा होता हूं, तो मैं घर पर अपनी पत्नी के साथ ट्रेनिंग लेना पसंद करता हूं। क्योंकि मैं उसे प्रेरित कर सकता हूं और वह भी मुझे प्रेरित करती है। हालांकि वीडियो के बाद रोनाल्डो की पीआर से कहा कि इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि क्रिस्टियानो ने जॉर्जिना से शादी की है या नहीं ।

बहरहाल, रोनाल्डो ने अपना नया यूट्यूब चैनल लॉन्च कर दिया है। इस चैनल पर डेढ़ दिन के अंदर ही करीब 25 मिलियन सबस्क्राइब्स आ गए थे जोकि एक रिकॉर्ड है।

भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया टीम खलेगी डेविड वॉर्नर की कमी

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टीम को इस साल 2024 के आखिर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाना है, जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी. इस सीरीज में कंगारू टीम को अपने स्टार ओपनर डेविड वॉर्नर की काफी कमी खलेगी. वॉर्नर ने इसी साल इंटरेनशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है.

वॉर्नर का आखिरी टूर्नामेंट जून में खेला गया टी20 वर्ल्ड कप 2024 था. इस टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में भी नहीं पहुंची थी. साथ ही उसे अफगानिस्तान के खिलाफ भी हार का सामना करना पड़ा था.

10 साल से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीती

इसके अलावा यह टेस्ट सीरीज मेजबान ऑस्ट्रेलिया के लिए काफी अहम है, क्योंकि यह टीम पिछले 10 साल से भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज नहीं जीत सकी है. ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2014 में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीती थी. इसके बाद लगातार 4 सीरीज (2017, 2018, 2020, 2023) में भारतीय टीम को जीत मिली ली. इसमें 2 बार ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया है. ऐसे में इस बार सीरीज में टीम को वॉर्नर की कमी जरूर खलेगी. आइए जानते हैं कैसे...

ऑस्ट्रेलियाई टीम में खेलने का अनुभव

वॉर्नर जब रिटायर हुए तब वो ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवें प्लेयर थे. उन्होंने देश के लिए 112 टेस्ट खेले, जिसमें 44.6 के औसत से 8,786 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 26 शतक जमाए. वो कंगारू टीम के लिए कई सालों तक अहम बल्लेबाज रहे हैं. अपने आखिरी टेस्ट पारी में भी उन्होंने 57 रन बनाकर टीम को 8 विकेट से जीत दिलाई थी.

उन्होंने अपने घर में कुल 58 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 57.85 के औसत से 5,438 रन बनाए. इस दौरान 20 शतक जमाए. उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 335 रन रहा, जो उन्होंने एडिलेड में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था. ऐसे में वॉर्नर घरेलू सीरीज में भारत के खिलाफ अहम प्लेयर साबित हो सकते थे.

टॉप बैटिंग ऑर्डर में स्मिथ भी पूरी तरह फ्लॉप

जब से वॉर्नर ने संन्यास लिया है, तब से स्टीव स्मिथ ही ओपनिंग में मोर्चा संभाल रहे हैं. उन्होंने इस दौरान 4 टेस्ट में ओपनिंग की है. इससे पहले वो नंबर-4 पर ही आते रहे हैं. स्मिथ ने टेस्ट करियर में 109 टेस्ट मैचों में कुल 9685 रन बनाए. उनका औसत भी 56.97 का रहा. इस दौरान 32 शतक भी जमाए. हालांकि ओपनिंग में बुरी तरह फ्लॉप रहे हैं.

बतौर ओपनर स्मिथ ने 8 पारियों में 28.50 के औसत से 171 रन बनाए. उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 91 रन रहा. ओपनिंग में स्मिथ को स्ट्रगल करते देख कंगारू टीम को भारत के खिलाफ सीरीज में जरूर वॉर्नर की कमी खलेगी. या फिर टीम मैनेजमेंट को वॉर्नर का बेस्ट ओपनिंग ऑप्शन तलाशन होगा.

भारतीय टीम के खिलाफ खेलने का अनुभव

वॉर्नर को भारतीय टीम के खिलाफ खेलने का भी बेहतरीन अनुभव है. उन्होंने अब तक भारत के खिलाफ 21 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 31.23 के औसत से 1,218 रन बनाए हैं. भारतीय टीम के खिलाफ वॉर्नर ने 4 शतक भी जमाए हैं. बड़ी बात ये है कि यह सभी सेंचुरी ऑस्ट्रेलियाई जमीन पर ही आई हैं.

वॉर्नर ने भारतीय टीम के खिलाफ अपने घर में 10 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 760 रन बनाए. ऐसे में यदि ऑस्ट्रेलियाई स्क्वॉड में वॉर्नर का नाम होता, तो यह भारतीय गेंदबाजों के लिए भी टेंशन की बात होती. वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगली 5 मैचों की टेस्ट सीरीज होनी है. अब देखना हो कि इस सीरीज में उस्मान ख्वाजा के साथ कौन ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर ओपनिंग करता दिखेगा.

भारतीय टीम का ऑस्ट्रेलिया दौरा (नवंबर-जनवरी 2025)

22-26 नवंबर- पहला टेस्ट, पर्थ
6-10 दिसंबर- दूसरा टेस्ट, एडिलेड
14-18 दिसंबर- तीसरा टेस्ट, ब्रिस्बेन
26-30 दिसंबर- चौथा टेस्ट, मेलबर्न
03-07 जनवरी- पांचवा टेस्ट, सिडनी

अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप

भारतीय महिला पहलवान अदिति, नेहा, पुलकित और मानसी विश्व चैंपियन बनीं, जीते स्वर्ण पदक

नईदिल्ली, एजेंसी। भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है।

भारतीय महिला पहलवान अदिति कुमारी (43 किग्रा), नेहा (57 किग्रा), पुलकित (65 किग्रा) और मानसी लाठेर (73 किग्रा) गुरुवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित कैडेट्स टूर्नामेंट के अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-17 की विश्व चैंपियन बन गईं। इसके अलावा काजल (69 किग्रा) और श्रुतिका शिवाजी पाटिल (46 किग्रा) ने भी फाइनल में जगह बनाकर अपने पदक किए। उनके फाइनल मैच शुक्रवार को होंगे।

अदिति और नेहा ने जीते पदक

भारत को इस चैंपियनशिप में और पदक मिल सकते हैं। राज बाला (40 किग्रा) कांस्य पदक के प्लेऑफ में खेलेंगे जबकि मुस्कान (53 किग्रा) और रंजिता (61 किग्रा) के पास भी रेपचेज राउंड के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका है। 49 किग्रा वर्ग में पहलवान नहीं उतारने के बावजूद भारत की महिला टीम ट्रॉफी जीतना अब तय माना जा रहा है। अदिति ने यूनान की मारिया लौइजा गिकिका को खिताबी मुकाबले में 7-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, नेहा ने फाइनल में जापान की सो सुतसुई को पछाड़ दिया। नेहा ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया।

पुलकित और मानसी ने भी जीता स्वर्ण

पुलकित ने तटस्थ एथलीट के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रही डारिया फ्रोलोवा पर 6-3 से जीत हासिल की। वह 5-0 से आगे चल रही थीं, लेकिन मुकाबले के अंत में उन्होंने 'पुशआउट प्वाइंट' और सावधानी बरती जिससे फ्रोलोवा को तीन अंक हासिल करने का मौका मिल गया।

फ्रोलोवा ने जीत हासिल करने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन पुलकित ने अंतिम 20 सेकंड में अच्छा बचाव करते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। मानसी ने फाइनल में हन्ना पिरस्काया को 5-0 से हराया। इससे पहले भारत ने ग्रीको रोमन शैली में दो कांस्य पदक भी जीते थे जिसमें रौनक दहिया और साईनाथ शामिल थे।

कैरेबियन प्रीमियर लीग टी20 विश्वकप तैयारियों का हिस्सा: जेमिमाह रॉड्रिग्स

सैन फर्नांडो, एजेंसी। पहली बार महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग (डब्ल्यूसीपीएल) खेलने जा रही भारतीय बल्लेबाज जेमिमाह रॉड्रिग्स ने कहा है कि यह टूर्नामेंट टी-20 विश्वकप के तैयारियों का हिस्सा हैं। बुधवार से शुरु हुए इस टूर्नामेंट में वह हमवतन शिखा पांडे के साथ ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स (टीकेआर) टीम का हिस्सा हैं। अक्टॅबर में यूएई में होने वाला टी-20 विश्वकप रॉड्रिग्स का चौथ विश्वकप होगा।

मीडिया से बातचीत में रॉड्रिग्स ने कहा, 'टी-20 विश्व कप से पहले मेरे पास यही कुछ मैच हैं। मैं कुछ नई चीजों पर लगातार अभ्यास कर रही थी और यहां मैं उन्हें आजमाने वाली हूं। क्योंकि अभ्यास और मैच में बहुत अंतर होता है। फ्रैंचाइजी क्रिकेट मुझे हमेशा उत्साहित करती है।

उन्होंने कहा, 'मुझे यात्रा करना और अलग-अलग टीमों के लिए खेलना पसंद है। मुझे नए लोगों से मिलना और नए क्रिकेटरों को जानना अच्छा लगता है। मुझे यह जानना अच्छा लगता है कि वे अलग-अलग परिस्थितियों में अपने शरीर और दिमाग को कैसे ढालती हैं और कैसे खेलती हैं।

आप जब भी क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरते हो, परिस्थितियां बदली रहती हैं। उनके बारे में जानने की जरुरत है। दबाव के क्षणों में ये तैयारियां बहुत काम आती हैं। मैं इस टूर्नामेंट को विश्व कप की तैयारियों की तरह देख रही हूं। इसके साथ ही यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं टीकेआर की टीम को टूर्नामेंट में आगे बढ़ने में मदद भी करूं। कुल मिलाकर मैं यहां खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं। पांचवें से तीसरे नंबर पर खेलने के सवाल पर रॉड्रिग्स ने कहा, 'मुझे लगता है कि हर बल्लेबाज का अपना एक अलग फॉर्मूला होता है। मेरे लिए परिस्थितियों को जल्दी से पढ़ना और उनके अनुसार शॉट खेलना अधिक महत्वपूर्ण है।

नीरज चोपड़ा ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

लुसाने, एजेंसी। पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता नीरज चोपड़ा गुरुवार को लुसाने डायमंड लीग में अपने छठे और अंतिम थ्रो में 89.49 मीटर की दूरी तय करके दूसरे स्थान पर रहे।

ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने अपने 90.61 मीटर के अंतिम थ्रो के साथ और जर्मनी के जूलियन वेबर ने 88.37 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ क्रमशः पहला और तीसरा स्थान हासिल किया।

यह चोपड़ा का इस सीजन का सर्वश्रेष्ठ और अब तक का दूसरा सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। पेरिस में उन्होंने 89.45 मीटर की दूरी तय की। चोपड़ा थ्रो के चौथे राउंड के अंत तक चौथे स्थान पर थे, और वह अपने पांचवें थ्रो में 85.58 मीटर की थ्रो के साथ शीर्ष तीन में पहुंच गए और अगले महीने ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग 2024 के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। चौथा स्थान यूक्रेन के अर्तुर फेलनर ने हासिल किया, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 83.38 मीटर था।

इससे पहले पेरिस ओलंपिक में, हालांकि चोपड़ा स्वर्ण नहीं जीत सके, फिर भी उन्होंने भारत के लिए इतिहास रचा, पहलवान सुशील कुमार के बाद ओलंपिक में लगातार पदक जीतने वाले दूसरे पुरुष और कुल मिलाकर तीसरे खिलाड़ी बने, सुशील ने 2008 और 2012 के ओलंपिक खेल कांस्य और रजत पदक जीता। पी.वी. सिंधु लगातार ओलंपिक में पदक जीतने वाली अन्य भारतीय हैं, 2016 में रियो में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक।

भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना पर लगा 16 महीने का प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।

भारत की शीर्ष पैदल चाल एथलीट भावना जाट मुश्किलों में घिरती नजर आ रही हैं और उन पर नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक (एडीडीपी) पैनल ने 16 महीने का प्रतिबंध लगाया है। जानकारी के मुताबिक, भावना पर प्रतिबंध पिछले साल अगस्त में ठिकाने की जानकारी नहीं देने के लिए लगाया गया है। हालांकि उनका 16 महीने के प्रतिबंध का समय अस्थायी निलंबन की तारीख 10 अगस्त 2023 से शुरू हुआ। इस प्रकार उनका प्रतिबंध इस साल 10 दिसंबर को समाप्त हो जाएगा। महिलाओं की 20 किमी पैदल चाल की पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी भावना को पिछले साल अगस्त में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी ने अस्थायी रूप से निलंबित किया था और उन्हें बुडापेस्ट से वापस बुला लिया गया था जहां वह 2023 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए पहुंची थीं।

नाडा नियमों के अनुच्छेद 2.4 के अंतर्गत उन्हें निलंबित करने का एडीडीपी का फैसला 10 जुलाई को सुनाया गया था लेकिन इसे राष्ट्रीय डोपिंग रोधी निगरानी संस्था की वेबसाइट पर गुरुवार को ही प्रकाशित किया गया।

भावना को दी गई थी चेतावनी

भावना मई और जून 2023 में दो डोप जांच से भी चूक गई थीं और उन्हें 2022 के अंत में उन्हें चेतावनी दी गई थी, लेकिन 28 वर्षीय भावना ने तब नाडा की ठिकाने की शर्तों को पूरा करने में अपनी विफलता के लिए मोबाइल एप में गड़बड़ियों को जिम्मेदार ठहराया था जिसके माध्यम से उन्हें फॉर्म भरना था और बाद में उनका फोन खो गया था।

दिनेश कार्तिक को अचानक मांगनी पड़ी माफी

एमएस धोनी से जुड़ा है मामला, बोले- बड़ी गलती...

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज़ दिनेश कार्तिक को अचानक सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी पड़ गई. कार्तिक ने कहा भाई लोग, बड़ी गलती हो गई. पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी से जुड़े एक मामले पर कार्तिक को सबके सामने माफी मांगनी पड़ी.

दरअसल कार्तिक ने तीनों फॉर्मेट के लिए ऑल टाइम भारतीय टीम की इलेवन चुनी थी. क्रिकबज पर एक शो में कार्तिक ने इस टीम का चुनाव किया था. हालांकि कार्तिक ने अपनी इलेवन में एमएस धोनी को शामिल नहीं किया था, जिसका उन्हें बाद में एहसास हुआ और फिर उन्होंने सबसे माफी मांगी कि उन्होंने धोनी को अपनी ऑल टाइम इंडिया इलेवन में नहीं चुना. कार्तिक ने अपनी गलती के बारे में कहा, भाई लोग, बड़ी गलती हो गई. सही में, यह एक गलती थी. जब एपिसोड आ गया, तब मुझे इस बात का एहसास हुआ. कार्तिक ने

आगे कहा, मैं अपनी प्लेइंग इलेवन में विकेटकीपर ही चुनना भूल गया था. राहुल द्रविड़ टीम में थे. सभी को लगा कि मैंने पार्ट टाइम विकेटकीपर रखा, लेकिन सच में मैंने राहुल द्रविड़ को कीपर के रूप में नहीं रखा. खुद विकेटकीपर होने के नाते मैं विकेटकीपर को रखना ही भूल गया. यह बड़ी भूल है.

फिर आगे बात करते हुए कार्तिक ने धोनी को क्रिकेट जगत के महान खिलाड़ियों में से एक बताया. इसके अलावा कार्तिक ने कहा कि सभी फॉर्मेट में धोनी उनकी टीम के लिए नंबर 7 पर रहेंगे.

धोनी के बगैर कैसी थी दिनेश कार्तिक की प्लेइंग इलेवन

वीरेंद्र सहवाग, रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, युवराज सिंह, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अनिल कुंबले, जसप्रीत बुमराह, जहीर खान. 12वां खिलाड़ी- हरभजन सिंह.

मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच दो सितंबर को लखनऊ में मुकाबला, सीएम योगी के पहुंचने की संभावना

दुरंड कप:

नई दिल्ली, एजेंसी। एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में हाल ही में लगाई फ्लड लाइट का परीक्षण किया गया है। नवाबों का शहर लखनऊ पहली बार देश के नामी फुटबाल क्लबों मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच की मेजबानी को तैयार है। परंपरागत प्रतिद्वंद्वियों के बीच होने वाला यह मुकाबला दो सितंबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्रदेश के खेल निदेशक आरपी सिंह ने बताया कि कृत्रिम रोशनी में होने वाले हाईवोल्टेज मैच के लिए तैयारियां पूरे जोरों पर हैं। प्रदेश में फुटबाल के बढ़ावे के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी मैच देखने के लिए आने की संभावना है। दस हजार से ज्यादा दर्शकों के स्टेडियम में उपस्थित होने की उम्मीद है। खेल निदेशक ने बताया कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की थी और उत्तर प्रदेश में फुटबाल को बढ़ावे को लेकर बातचीत हुई थी।

एक सितंबर को दोनों टीमें पहुंचेंगी लखनऊ

एआईएफएफ ने मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के बीच मैच के आयोजन का प्रस्ताव रखा और राज्य सरकार ने इसे मंजूर कर लिया।

केएल राहुल ने क्रिकेट को कहा अलविदा?

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल गुरुवार को अचानक सोशल मीडिया पर ट्रेड करने लगे। राहुल के नाम से एक इंस्टाग्राम स्टोरी वायरल हुई। इस स्टोरी में लिखा गया था कि केएल राहुल ने संन्यास का ऐलान कर दिया था। इस वायरल स्टोरी ने फैंस का दिल तोड़ दिया।

वह राहुल के संन्यास से दुखी थे। इस स्टोरी का सच कुछ समय में ही सामने आ गया है। केएल राहुल ने गुरुवार को पहले एक स्टोरी शेयर की जिसमें लिखा था, 'मैं बड़ा ऐलान करने वाला हूं। स्टे ट्यून।' इसके बाद एक्स पर राहुल के नाम से स्क्रीनशॉट वायरल हुआ जिसमें दावा किया गया कि राहुल ने संन्यास ले लिया है।

वायरल हुआ पोस्ट

सोशल मीडिया पर जो स्क्रीनशॉट वायरल हुआ उसमें केएल राहुल की ही डिस्पले पिक्चर थी और सामने वेरिफाइड मार्क भी था। इस पोस्ट में लिखा था, 'काफी सोचने और समझने के बाद मैंने फैसला किया है कि मैं अपने प्रोफेशनल क्रिकेट करियर को अलविदा कहा रहा हूं। यह आसान नहीं है क्योंकि खेल सालों से मेरी जिंदगी का अहम हिस्सा रहा है। मैं अपने परिवार, दोस्त, टीम और फैंस का आभारी हूं।'

फेक थी पोस्ट

हालांकि यह स्क्रीनशॉट फेक था। राहुल के आधिकारिक अकाउंट पर ऐसी कोई स्टोरी नहीं थी। उन्होंने अपने संन्यास को लेकर कोई पोस्ट नहीं किया था। कुछ फैंस ने फेक स्क्रीनशॉट वायरल किया।

संक्षिप्त समाचार

उड़ान भरने के बाद 5 मिनट के अंदर ही प्लेन स्कूल के प्ले ग्राउंड में हुआ क्रैश

सिडनी, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के ग्रेटर वेस्टर्न सिडनी इलाके में गुरुवार को एक बड़ा विमान हादसा हुआ, जब एक विमान प्राथमिक स्कूल के पास गिर गया। हालांकि, इस हादसे में किसी की जान नहीं गई है। विमान में सवार 34 वर्षीय महिला और पायलट को मामूली चोटें आई हैं। हादसा उस समय हुआ जब विमान उड़ान भरने के 5 मिनट बाद ही इंजन फेल होने के कारण स्कूल के खेल मैदान में आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के गिरते ही वहां खेल रहे बच्चों और उनके अभिभावकों में अफरा-तफरी मच गई। यह हादसा दोपहर करीब 2:25 बजे हुआ जब पाइपर पीए-28 विमान ने बैंकस्टाउन हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी। इंजन फेल होने की स्थिति में पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की कोशिश की, लेकिन विमान सिडनी के बॉस्ले पार्क में मैरी इमैक्युलेट कैथोलिक प्राइमरी स्कूल के खेल मैदान में गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय मैदान में बच्चे बास्केटबॉल नहीं खेल रहे थे और विमान गिरने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक न्यूज चैनल की वीडियो में पायलट को कॉल पर मेडे, मेडे, मेडे कहते हुए सुना जा सकता है। उन्होंने बताया कि उनका इंजन फेल हो गया है और उन्हें मजबूरन आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। विमान गिरते समय पार्क में मौजूद लोग इस हादसे से हैरान रह गए और तुरंत आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। विमान के गिरते ही आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं और पायलट और महिला को सुरक्षित निकाला गया। हादसे के बावजूद विमान में आग नहीं लगी, जिससे एक बड़ी त्रासदी टल गई। यह हादसा एक बड़ी दुर्घटना में बदल सकता था, लेकिन संयोगवश इसमें कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। स्थानीय लोग और अभिभावक इस हादसे से सदमे में हैं, लेकिन वे राहत महसूस कर रहे हैं कि बच्चों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

यूक्रेन ने काला सागर में खड़ी नाव पर किया हमला, रूसी नौसेना ने 17 लोगों को बचाया

मॉस्को, एजेंसी। रूस के काला सागर बंदरगाह कावकाज पर खड़ी एक नाव पर यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने हमला किया। नाव पर सवार कुल 17 लोगों को रूसी नौसेना ने बचा लिया है। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने दी है। रूसी नेशनल गार्ड के दक्षिणी जिले ने अपने आधिकारिक टेलीग्राम चैनल के माध्यम से जारी एक बयान में कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों द्वारा कावकाज बंदरगाह में नौका पर हमला करने के बाद रूसी गार्ड की नौसैनिक टुकड़ी ने बचाव अभियान में भाग लिया। गुरुवार को हुए हमले में 30 ईंधन टैंक ले जा रही फ़ेरी को निशाना बनाया गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, कावकाज बंदरगाह केर्च जलडमरूमध्य के पूर्वी किनारे पर क्रास्नोडार क्षेत्र में स्थित है। क्रास्नोडार क्षेत्र के गवर्नर वेनामिन कोंद्रायेव ने पुष्टि की कि हमले में हुई क्षति के कारण नौका डूब गई थी, हालांकि बंदरगाह के भीतर आग लगने की कोई सूचना नहीं मिली। ईंधन के फैलाव को रोकने के लिए उपाय किए गए थे। इससे पहले गुरुवार को, रूस के वोल्गोग्राड क्षेत्र में एक सैन्य सुविधा में यूक्रेनी ड्रोन हमले से आग लग गई थी। रूसी वायु रक्षा बलों ने हमले को सफल नहीं होने दिया। इस कारण से अधिकांश यूक्रेनी ड्रोन नष्ट हो गए। इसकी जानकारी वोल्गोग्राड के गवर्नर आंद्रेई बोचारोव को क्षेत्रीय प्रशासन के टेलीग्राम चैनल द्वारा दिया गया। बता दें कि यह हमला मारिनोवका गांव के पास हुआ। इस दौरान यूक्रेनी ड्रोन ने एक रूसी सैन्य स्थल को निशाना बनाया। हालांकि, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

पाकिस्तान के पंजाब में घात लगाकर किए गए हमले में 11 पुलिसकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में डकैतों द्वारा पुलिस वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में कम से कम 11 पुलिसकर्मी मारे गए और सात अन्य घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, हमला गुरुवार को प्रांत के रहीम यार खान जिले के माचका इलाके में हुआ, जब डाकुओं ने 20 से अधिक पुलिसकर्मियों को लेकर जा रही दो पुलिस वैन पर रॉकेट से हमला किया, जो इलाके में एक चेक पोस्ट पर साप्ताहिक ड्यूटी से लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि अचानक रॉकेट हमला तब हुआ जब वाहन में खराबी आ गई और पुलिसकर्मी ऑटोमोटिव मरम्मत के लिए रुके, जिससे 11 पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। हमले के बाद, बचाव और पुलिस दल घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया, जहां कम से कम दो पुलिसकर्मियों की हालत गंभीर है। घटना पर संज्ञान लेते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पुलिस काफिले पर हमले की कड़ी निंदा की और हमलावरों के खिलाफ तत्काल और प्रभावी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा, पुलिसकर्मी अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना अपराधियों और आतंकवादियों से भिड़ते हैं। पूरा देश पुलिस बल के बहादुर और समर्पित अधिकारियों और कर्मियों को श्रद्धांजलि देता है।

21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा में चीन नहीं, अमेरिका की जीत तय करेंगे, कमला हैरिस का देशवासियों से वादा

वॉशिंगटन, एजेंसी। डेमोक्रेटिन नेशनल कन्वेंशन के आखिरी दिन कमला हैरिस ने पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार किया। इस दौरान अपने संबोधन में कमला हैरिस ने कई मुद्दों पर बात की। साथ ही उन्होंने डोनाल्ड ट्रंप पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वह अमेरिका की राष्ट्रपति बनती हैं तो वह सुनिश्चित करेंगी कि 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा में चीन नहीं बल्कि अमेरिका की जीत होगी और वाशिंगटन अपने वैश्विक नेतृत्व को नहीं छोड़ेगा। इसके अलावा उन्होंने इस्राइल, यूक्रेन और नाटो के बारे में भी बात की।

हर किसी के पास प्रतिस्पर्धा करने का मौका होगा : डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद का नामांकन स्वीकार करते हुए कमला हैरिस ने कहा कि वह एक ऐसी अवसर अर्थव्यवस्था बनाएंगी, जहां हर किसी के पास प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने का मौका होगा। उन्होंने कहा, मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि हम अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर भविष्य में दुनिया का नेतृत्व करें। साथ ही यह कि 21वीं सदी की प्रतिस्पर्धा में चीन नहीं बल्कि अमेरिका ही जीते। इसके अलावा, हम अपने वैश्विक नेतृत्व को मजबूत करेंगे। उन्होंने आगे कहा, चाहे आप एक ग्रामीण क्षेत्र, छोटे शहर या बड़े शहर में रहते हों। राष्ट्रपति के रूप में, मैं रोजगार पैदा करने के लिए श्रम और श्रमिकों, छोटे व्यवसाय मालिकों और उद्यमियों और अमेरिकी कंपनियों को एक साथ लाऊंगी। हमारी अर्थव्यवस्था को बढ़ाऊंगी और रोजमर्रा की जरूरतों की लागत कम करूंगी। हैरिस ने कहा कि उनकी सरकार छोटे व्यवसाय के मालिकों, उद्यमियों और संस्थापकों के लिए पूंजी तक पहुंच प्रदान करेगी। हैरिस ने कहा, हम अमेरिका के आवास की कमी को समाप्त करेंगे और सामाजिक सुरक्षा और चिकित्सा की रक्षा करेंगे।

सबसे घातक लड़ाकू बल देश के पास हो: हैरिस : उपराष्ट्रपति ने कहा कि अगर वह अमेरिका की कमांडर-इन-चीफ चुनी जाती हैं, तो वह यह सुनिश्चित करेंगी कि देश के पास हमेशा दुनिया में सबसे मजबूत और सबसे घातक लड़ाकू बल हो, इस्राइल के पास अपनी रक्षा करने की क्षमता हो और यूक्रेन तथा नाटो सहयोगियों का साथ न छोड़ा जाए। डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में उन्होंने कहा कि ईरान और ईरान समर्थित आतंकवादियों के खिलाफ अमेरिकी बलों और देश के हितों की रक्षा के लिए जो भी आवश्यक होगा, वह कार्रवाई करने में कभी नहीं हिचकिचाएंगी।

किम जोंग उन पर साधा निशाना : उन्होंने कहा, मैं किम जोंग उन जैसे तानाशाहों के साथ मधुर व्यवहार नहीं करूंगी, जो ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। वे जानते हैं कि चापलूसी और एहसान के साथ हेरफेर करना आसान है। वे जानते हैं कि ट्रंप निरंकुश लोगों को जवाबदेह नहीं ठहराएंगे क्योंकि वह एक निरंकुश बनना चाहते हैं। राष्ट्रपति के तौर पर मैं अमेरिका की सुरक्षा और उसके आदर्शों की रक्षा में कभी नहीं डगमगाऊंगी। लोकतंत्र और अत्याचार के बीच स्थायी संघर्ष में, मुझे पता है कि मैं कहां खड़ी हूं और संयुक्त राज्य अमेरिका कहां है।

कमला ने कहा, इस चुनाव के साथ हमारे पास पुरानी कड़वाहट, निराशा और विभाजनकारी लड़ाइयों से आगे बढ़ने का एक मौका है। उन सभी लोगों की ओर से जिनकी कहानी केवल विश्व के सबसे महान देश में ही लिखी जा सकती है, मैं अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए आपके नामांकन को स्वीकार करती हूं।

कमला बोलीं- ट्रम्प आए तो गंभीर परिणाम होंगे : कमला ने भाषण की शुरुआत अपने पति डग एम्हॉफ को शादी की 10वीं सालगिरह की शुभकामनाओं के साथ की। इसके बाद उन्होंने अपनी भारतीय मां का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा,मेरी माँ 19 साल की थीं जब वे अकेले भारत से कैलिफोर्निया आई थी। उन्होंने हमें सिखाया कि अन्याय के बारे में शिकायत न करें बल्कि इसके लिए कुछ करें। मेरी मां ने मुझे सिखाया कि किसी को भी यह मत बताने दो कि तुम कौन हो,बल्कि उन्हें दिखाओ कि तुम कौन हो। कमला ने अपने भाषण के दौरान डोनाल्ड ट्रम्प पर निशाना साधा। उन्होंने ट्रम्प को एक लापरवाह शख्स बताया। कमला ने कहा कि ट्रम्प को व्हाइट हाउस में वापस लाने के परिणाम बेहद गंभीर होंगे। ट्रम्प ने 2020 चुनाव के परिणामों को बदलने की कोशिश की, उन्होंने हिंसा करवाई। उन पर धोखाधड़ी और यौन शोषण के आरोप हैं। उनके इरादे लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के हैं। कमला के भाषण के साथ डेमोक्रेटिक नेशनल कनवेंशन शिकागो का समापन हुआ। आखिरी दिन 25 हजार से ज्यादा लोग शामिल हुए थे।

ट्रम्प बोले- कॉमरेड कमला सिर्फ बातें बनाती हैं : कमला हैरिस के बयान के बाद विरोधी उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने बीते साढ़े तीन सालों में बातें बनाने के अलावा कुछ और नहीं किया है। वह अभी भी यही कर रही हैं। वह हर चीज को लेकर शिकायत करती हैं, लेकिन कुछ करती नहीं हैं। उन्हें भाषणबाजी छोड़कर देश की सीमाओं को ब्लॉक करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कमला को कॉमरेड कमला कहा। ट्रम्प ने कहा कि कमला हैरिस इजराइल से नफरत करती हैं। जब नेतन्याहू अमेरिकी संसद को संबोधित करने पहुंचे थे तो वह उनसे मिली तक नहीं। वह कट्टरपंथी सोच की हैं। उनके नेतृत्व में अमेरिका का कोई भविष्य नहीं होगा वह हमें तीसरे विश्वयुद्ध की तरफ ले जाएंगी। कमला के भाषण के दौरान ट्रम्प अपने सोशल मीडिया से लगातार उनके भाषण पर टिप्पणी करते रहे।

बांग्लादेशी नाराज नहीं, लेकिन उन्हें दुख हुआ है, शेख हसीना के भारत में रहने पर बोले बीएनपी नेता



ढाका, एजेंसी। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि शेख हसीना के भारत में रहने से बांग्लादेश के लोग नाराज नहीं हैं, लेकिन उन्हें दुख जरूर हुआ है। बीएनपी नेता ने कहा कि भारत को अपने इस कदम पर फिर से विचार करना चाहिए। बांग्लादेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री अब्दुल मोईन खान ने यह भी कहा कि उनका देश तीन तरफ से भारत के साथ सीमा साझा करता है और भारत एक विशाल देश है, इसलिए ऐसी कोई वजह नहीं है कि भारत हमारा सबसे अच्छा दोस्त न हो। उल्लेखनीय है कि आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान हिंसा भड़कने के चलते शेख हसीना ने बीती 5 अगस्त को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और वह बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गई थी। फिलहाल उनके भारत में ही होने की खबरें हैं। बांग्लादेश में अब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार सत्ता में है और हालात को सामान्य करने की कोशिश कर रही है। देश में चुनाव कराने की जिम्मेदारी अंतरिम सरकार पर ही है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे अब्दुल मोईन खान ने शेख हसीना के भारत में होने पर भारत-बांग्लादेश के संबंधों पर होने वाले असर पर कहा कि यह इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत क्या फैसला करता है। शेख हसीना के भारत में होने से बांग्लादेशी नाराज नहीं हैं, लेकिन उन्हें दुख जरूर हुआ है, क्योंकि बांग्लादेश के लोगों ने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी। बीएनपी नेता ने कहा कि अवामी लीग पार्टी और शेख हसीना के प्रति भारत का जो व्यवहार है, उससे देश में भारत विरोधी भावना पैदा हो रही है। बीएनपी नेता ने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि भारी उथल-पुथल के बाद देश में बहुत जल्दी हालात वापस सामान्य हो रहे हैं।

भारत और रूस की दोस्ती में दरार ! पुतिन ने बढ़ाई चीन से नजदीकियां, प्रधानमंत्री ली से की मुलाकात

बीजिंग, एजेंसी। रूस की चीन के साथ बढ़ती नजदीकियां और मजबूत होते संबंध भारत के लिए नया नया सिरदर्द बन सकता है। राजनीतिक और आर्थिक सहयोग के लिए चीन पर बढ़ती रूस की निर्भरता के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से बुधवार को मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत होते व्यापारिक संबंधों की सराहना की। पुतिन ने रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास 'क्रेमलिन में हुई बैठक के दौरान कहा, ''हमारे व्यापारिक संबंध सफलतापूर्वक विकसित हो रहे हैं... दोनों देशों की सरकारें व्यापार और आर्थिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित रही हैं और उसके परिणाम सामने आ रहे हैं। पुतिन ने चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग से बुधवार को मुलाकात की और दोनों देशों के बीच मजबूत होते व्यापारिक संबंधों की सराहना की। हालांकि पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को लेकर रूस की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वहीं उसके उलट छह सप्ताह पहले जब पीएम मोदी रूस दौर पर गए थे तब यूक्रेन ने नाराजगी जताई थी। साथ ही पीएम मोदी के दौरे की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि रूस और चीन ने आर्थिक और अन्य परियोजनाओं के लिए ''बड़े पैमाने पर योजनाएं बनाई हैं। ली ने कहा, ''चीन-रूस संबंध अभूतपूर्व रूप से उच्च स्तर पर हैं।

ब्रिटिश यूट्यूबर को भारतीयों का मजाक उड़ाना पड़ा महंगा, परमाणु हमले की धमकी देने पर घिरे, हटानी पड़ी पोस्ट

लंदन, एजेंसी। ब्रिटिश यूट्यूबर माइल्स रूटलेज एक बार फिर चर्चाओं में है। उसने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भारतीयों का मजाक बनाते हुए एक के बाद एक कई नस्लवादी टिप्पणियां की हैं। इतना ही नहीं भारत का मजाक बनाते हुए उसने देश पर परमाणु बम गिराने की बात तक कह दी। इससे सोशल मीडिया यूजर्स का गुस्सा भड़क गया है। लोगों ने नस्लवादी टिप्पणियों के लिए माइल्स की कड़ी आलोचना की। इस पर यूट्यूबर ने अपने पोस्ट हटा लिए।

भारत पर गिरा दूंगा परमाणु बम : रूटलेज ने अपने वीडियो में भारतीयों के बात करने के तरीके का भी मजाक उड़ाया। उसने एक अलग ट्वीट में भारत का मजाक बनाते हुए परमाणु हथियार लॉन्च करने की धमकी दी। उसने कहा, जब मैं इंग्लैंड का प्रधानमंत्री बनूंगा तो मैं ब्रिटिश हितों और मामलों में हस्तक्षेप करने वाली किसी भी विदेशी शक्ति को स्पष्ट चेतावनी के रूप में परमाणु साइलो खोलूंगा। मैं बड़ी घटनाओं के बारे में बात नहीं कर रहा हूं। मैं छोटे से छोटे उल्लंघन पर पूरे देश पर परमाणु हमला कर दूंगा। इसके थोड़ी देर बाद उसने इसी पोस्ट पर एक और कमेंट लिखा, अरे, मैं इसे सिर्फ भारत के लिए ही न्यूक्लियर लॉन्च कर सकता हूं।

सोशल मीडिया पर भड़का लोगों का गुस्सा, तो यूट्यूबर ने की बदतमीजी : इस बार ब्रिटिश यूट्यूबर ने ना सिर्फ भारतीयों पर नस्लवादी टिप्पणी

की बल्कि इसके खिलाफ बोलने वाले लोगों का भी मजाक बनाया। माइल्स अपनी टिप्पणी पर खेद जताने की जगह उनसे सवाल पूछने वालों के लिए भी खराब भाषा का इस्तेमाल किया। एक यूजर ने यूट्यूबर पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया तो इस पर उसने जवाब देते हुए कहा, मानो या न मानो लेकिन मुझे भारत बिल्कुल पसंद नहीं है। मैं बिना नाम की आईडी के पीछे छुपे भारतीय को भी पहचान रहा हूं। अगर कोई ऑनलाइन आकर आपसे बदतमीजी करता है तो वह भारतीय होता है। ऐसे में मैं भारतीयों को नापसंद करता हूं।

तुम मुझे नहीं ढूंढ पाओगे : माइल्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान तब खींचा, जब उन्होंने एक स्क्रीनशॉट साझा करके भारतीयों के खिलाफ नस्लवादी पोस्ट करना शुरू कर दिया। एक गुमनाम एक्स यूजर को भारतीय कहते हुए उन्होंने लिखा, भारतीय मुझे खोजने की धमकी देते हैं, लेकिन यह उन पर उल्टा पड़ता है। तुम नहीं, लेकिन मैं तुम्हें ढूंढ लूंगा और फिर तुम्हें मांगते हुए वीडियो बनाना होगा।

तालिबान ने हिरासत में लिया तो बोला था- मजेदार छुट्टियां : यूट्यूबर माइल्स रूटलेज का अकाउंट लॉर्ड माइल्स के नाम से है। 126,000 से ज्यादा सब्सक्राइबर वाला यह आदमी तालिबान के कब्जे के दौरान अफगानिस्तान में फंसा था और तब यह पहली बार 2021 में चर्चा में आया था। रूटलेज को डेंजर टूरिस्ट के नाम से भी लोग जानते हैं। 2023 में अपनी तीसरी यात्रा पर रूटलेज को तालिबान खुफिया विभाग ने आठ महीने तक हिरासत में रखा था। इस यूट्यूबर ने इसे एक अनुभव बताते हुए कहा था कि यह उसकी 'सबसे ज्यादा आनंददायक छुट्टियां' थीं।

पाकिस्तान की एक और शर्मनाक हरकत, शहबाज से मिलने पहुंचीं जर्मन मंत्री को रोका, कहा- बैग की कराएं जांच

इस्लामाबाद, एजेंसी। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहा पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत दिखाने से कभी पीछे नहीं रहता है। लगातार अपनी नीतियों की वजह से वैश्विक स्तर पर तमाम आलोचनाएं झेल रहे देश को अतिथियों का सम्मान भी नहीं करना आता है। दरअसल, पाकिस्तान में गुरुवार को जर्मनी की एक मंत्री का अपमान किया गया। वह पीएम शहबाज शरीफ से मिलने के लिए उनके आवास के प्रवेश द्वार पर पहुंची थीं, तभी वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उनका हैंडबैग मांग लिया। इस पूरी घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है। लोग पाकिस्तान की जमकर आलोचना कर रहे हैं। जर्मनी की संघीय विकास मंत्री स्वेंजा शुल्जे गुरुवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात के लिए पहुंचीं थीं। इसी दौरान उनके साथ एक अप्रत्याशित घटना घट गई। दरअसल, प्रधानमंत्री आवास के प्रवेश द्वार पर सुरक्षा कर्मचारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए शुल्जे से उनका हैंडबैग जांच के लिए सौंपने को कहा। इतना ही नहीं उनसे कहा गया कि वह बैग छोड़कर पीएम से मिलने जाएं। इस पर शुल्जे ने बैग देने से इनकार कर दिया और

पीछे मुड़कर अपनी कार की ओर जाने लगीं। हालांकि, एक बड़ी राजनयिक बैठक रद्द होते देख सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अपना हैंडबैग साथ ले जाने की अनुमति दे दी।

सोशल मीडिया पर सुना रहे लोग खरी-खोटी : सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स अलग-अलग अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। लोग पाकिस्तान के विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के प्रति मेहमाननवाजी पर सवाल उठाने लगे हैं। शुल्ज़े के साथ हुए इस व्यवहार पर लोगों ने अपनी नाराजगी जताई और आलोचना की। कई लोगों ने कहा कि अगर शुल्जे ने वापस जाने का फैसला किया होता तो इससे पाकिस्तान के चल रहे आर्थिक वार्तालापों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता था। एक सोशल मीडिया यूजर ने इस स्थिति का मजाक उड़ाते हुए कहा कि अगर शुल्जे लौट जातीं तो पाकिस्तान का भीख का कटोरा खाली रह जाता। वहीं, एक अन्य ने कहा कि उन्होंने अपनी ताकत और अधिकार का प्रदर्शन करने की कोशिश की, लेकिन शुल्जे ने उन्हें दिखा दिया कि वे उनके लिए अप्रासंगिक हैं।

अब इंडोनेशिया की पार्लियामेंट में घुसी उग्र भीड़, प्रदर्शनकारियों ने तोड़ दी संसद की बाड़

जकार्ता, एजेंसी। बांग्लादेश के बाद अब एक और मुस्लिम बाहुल देश में लोकतंत्र खतरे में है। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में उस समय भारी उथल-पुथल मच गईजब गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने चुनाव कानून में प्रस्तावित बदलावों का विरोध करते हुए संसद की बाड़ तोड़ दी। यह बदलाव राष्ट्रपति जोको जोकोवी विडोडो की सत्ता पर पकड़ मजबूत करने और उनके आलोचकों को रोकने के उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी जोकोवी लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं के नारे लगाते हुए संसद में घुस गए, जबकि पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए पानी की बौछारों और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। एक जगह पर, प्रदर्शनकारियों ने लोकतंत्र यहाँ मर रहा है लिखा हुआ बैनर भी उठा रखा था। यह विरोध प्रदर्शन उन बदलावों के खिलाफ था, जो राष्ट्रपति जोकोवी के बेटे के लिए राजनीतिक पद का रास्ता साफ कर सकते थे। इन बदलावों को लेकर संसद में मतदान होना था, लेकिन पर्याप्त सांसदों की अनुपस्थिति के कारण इसे टाल दिया गया। देशभर में विरोध प्रदर्शन फैल रहे हैं, जिससे इंडोनेशिया में लोकतंत्र को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। जकार्ता के अलावा पडांग, बांडुंग और योग्याकार्ता जैसे अन्य शहरों में भी पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं। इस पूरे विवाद का केंद्र संवैधानिक न्यायालय का वह फैसला है, जिसने उम्मीदवारों की पात्रता के नियमों

में बदलाव किया था। संसद, जिसमें राष्ट्रपति के समर्थकों का वर्चस्व है, ने इस फैसले को पलटने की कोशिश की, जिससे राजनीतिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि संसद अपने कदम में सफल हो जाती है, तो यह सरकार के प्रमुख आलोचकों को राजनीतिक प्रक्रिया से बाहर कर सकता है और जोकोवी के बेटे को चुनाव लड़ने का रास्ता साफ कर सकता है। इससे देश में लोकतंत्र अधर में लटक सकता है।प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे इस फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो गए हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि यह लोकतंत्र और उनके अधिकारों पर सीधा हमला है।

श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे मौलिक अधिकारों के उल्लंघन मामले में दोषी करार

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका के सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को लंबे समय से स्थगित स्थानीय परिषद चुनाव जल्द से जल्द कराने का आदेश देते हुए राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को नागरिकों के मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार ठहराया है। यह फैसला तब आया है, जब पिछले साल की शुरुआत से 340 से ज्यादा स्थानीय परिषदों के चुनाव स्थगित कर दिए गए थे। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने विपक्ष और नागरिक समाज समूहों की तरफ से दायर चार मौलिक अधिकार याचिकाओं के जवाब में सुनाया है। अदालत ने पाया है, कि स्वतंत्र चुनाव आयोग के सदस्यों और वित्त मंत्री के रूप में विक्रमसिंघे ने चुनाव न कराकर, नागरिकों के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया है। रानिल विक्रमसिंघे दोषी करार स्थानीय चुनाव पिछले साल 9 मार्च को होने वाले थे, लेकिन ट्रेजरी ने दावा किया, कि वह चल रहे आर्थिक संकट के बीच चुनाव खर्च को वित्तपोषित करने में असमर्थ है, जिसकी वजह से 2022 में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। हालांकि, अदालत ने इस तर्क को खारिज कर दिया और कहा, कि ट्रेजरी ने चुनाव कराने में पूरी तरह असमर्थता के अपने दावे का समर्थन करने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, कि आर्थिक संकट और मुश्किलों का उल्लेख करने के अलावा, वित्त मंत्रालय और राजकोष सचिव के हलफनामे में चुनाव कराने में पूरी तरह असमर्थता दर्शाने के लिए पर्याप्त सामग्री नहीं दी गई है। कोर्ट ने राजकोष को स्थानीय परिषद चुनावों के लिए आवश्यक धनराशि आवंटित करने का निर्देश दिया और कहा, कि 21 सितंबर को राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों को बाधित

किए बिना चुनाव आयोग द्वारा चुनाव कराए जाने चाहिए। हालांकि, रानिल विक्रमसिंघे ने कहा, कि उन्हें चुनाव स्थगित करने के अपने फैसले पर पछतावा नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थानीय चुनाव कराने में शामिल होने का समय नहीं था, क्योंकि वह देश के अभूतपूर्व आर्थिक संकट से उबरने में व्यस्त थे, जिसके कारण उनके पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे को पद से हटा दिया गया था। उन्होंने कहा, कि जीने के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए उस समय को समर्पित करने के कारण चुनाव कराने में असमर्थता पर खेद नहीं है। मैं लोगों के जीने के अधिकार का उतना ही सम्मान करता हूं, जितना मैं वोट देने के अधिकार का करता हूं। 21 सितंबर को होने वाले चुनाव में स्वतंत्र उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे विक्रमसिंघे ने कहा, खाना पकाने की गैस, दवा, भोजन और ईंधन के बिना लोग अपनी रोजमर्रा की जिंदगी नहीं जी पा रहे थे। पिछले दो सालों में मैंने खुद को इस काम के लिए समर्पित कर दिया है। विक्रमसिंघे, जो 2022 में राष्ट्रपति बने थे, जब उनके पूर्ववर्ती गोटबाया राजपक्षे गंभीर आर्थिक संकट के बाद 2022 के सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर देश छोड़कर भाग गए थे।

सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शनिवार 24 अगस्त 2024

मऊगंज पुलिस ने पकड़ा एक करोड़ का गाजा, बड़े तस्कर गिरोह का हुआ खुलासा, कई बड़े नाम आये सामने। आईजी बोले नशे के कारोबारियों पर कसते रहेंगे नकेल, चलता रहेगा आपरेशन प्रहार।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की

अधिकारी सौंपे गए दायित्व के अनुसार समय पर तैयारियाँ पूरी कर लें : कलेक्टर

रीवा

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 26 अगस्त को एक दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ यादव बसामन मामा गौवंश वन्य विहार पुरवा में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम प्रातः 10.30 बजे आरंभ होगा। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री जी के दौरे के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दे दी गई है। सौंपे गए दायित्व के अनुसार सभी तैयारियाँ समय पर पूरी कर लें। कार्यक्रम स्थल पर समस्त व्यवस्थाओं के लिए आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे नोडल अधिकारी हैं। आयुक्त नगर निगम विभिन्न विभागों से समन्वय करके कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीकृष्ण जन्मोत्सव से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए आवश्यक

प्रबंध करें। मुख्य समारोह स्थल पर मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग के दो दलों द्वारा भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम हुजूर तथा एसडीएम गुढ़ चोरहटा हवाई अड्डे एवं सर्किट हाउस में प्रोटोकॉल के अनुसार व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के समीप हेलीपैड निर्माण तथा कार्यक्रम स्थल पर मंच एवं पंडाल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। गौ अभ्यारण्य की यज्ञशाला में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, हवन तथा गौपूजन का कार्यक्रम होगा। इसके लिए संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद आवश्यक प्रबंध करें। कार्यक्रम में विभिन्न 6 विद्यालयों द्वारा श्रीकृष्ण जी के जीवन से संबंधित लघु नाटिकायें प्रस्तुत की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी तथा संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय इसके लिए आवश्यक प्रबंध करें। बैठक में कलेक्टर ने वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, बिजली व्यवस्था, मंच व्यवस्था, साज-सज्जा, पेयजल की आपूर्ति, आंगतुकों के बैठने की व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने सेक्टर में तैनात रहकर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगे। बैठक में आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में आयोजित कार्यक्रम के लिए की जा रही तैयारियों की विभागवार जानकारी दी। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने पेयजल व्यवस्था, भोजन व्यवस्था एवं सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी दी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर एंबुलेंस सहित उपचार दल तैनात रखेंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनकर, एसडीएम गुढ़ डॉ अनुराग तिवारी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिले में अब तक 387.16 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

रीवा। जिले में 23 अगस्त को 11.16 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दिन सर्वाधिक 25 मिलीमीटर वर्षा रायपुर कर्चुलियान तथा 22 मिलीमीटर वर्षा गुढ़ तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 387.16 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 433.5 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 249.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 684 मिलीमीटर, सिरमौर में 420.4 मिलीमीटर, त्योंथर में 213.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 293.2 मिलीमीटर, मनगवां में 542 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 261 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 497.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

तीन दिवसीय समारोह में गायन, श्रीकृष्ण लीला और प्रसंगों का मंचन करेंगे कलाकार

रीवा

मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पवित्र अवसर पर भोपाल सहित मध्यप्रदेश के 15 स्थानों पर श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में बसामन मामा गौवंश वन्य विहार, सेमरिया और रीवा में श्रीकृष्ण पर्व के तहत सुबह और संध्याकालीन दो आयोजन होंगे। जिसमें पहला आयोजन 26 अगस्त को बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में प्रातः 10 बजे से मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित श्रीकृष्ण पर्व में भगवान श्रीकृष्ण आख्यान की कला अभिव्यक्तियों की प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। आयोजन में सागर के कमलेश यादव एवं मयंक यादव और उनके साथियों द्वारा बरेदी लोकनृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। इस अवसर पर मुंबई के ख्यातिलब्ध कलाकार राजेश प्रसाद मिश्रा एवं उनके साथियों द्वारा भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी।

जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण पर्व आयोजन में कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम में शाम 7 बजे से श्री कृष्ण नृत्य नाटिका एवं भक्ति संगीत की प्रस्तुति होगी। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में भोपाल के हरीश शर्मा एवं साथियों द्वारा श्रीकृष्ण नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी जाएगी तथा मुंबई के राजेश प्रसाद मिश्रा एवं उनके दल द्वारा भक्ति संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

पंचायत उप चुनाव के लिए 11 सितम्बर को होगा मतदान

रीवा

जिले में पंचायतराज संस्थाओं में जनपद सदस्य पद के एक, सरपंच पद के एक तथा विभिन्न ग्राम पंचायतों में पंच के 23 रिक्त पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। आवश्यक होने पर इनके लिए 11 सितम्बर को निर्धारित मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनपद पंचायत जवा में जनपद सदस्य पद के लिए वार्ड क्रमांक 4 तथा जनपद पंचायत त्योंथर में ग्राम पंचायत अतरैला 11 में सरपंच पद के लिए चुनाव कराया जा रहा है।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पंच पद के लिए जनपद पंचायत रीवा में ग्राम पंचायत भटलो में वार्ड क्रमांक एक, सुमेदा में वार्ड क्रमांक 2, दुआरी में वार्ड क्रमांक 3, जोकिहा में वार्ड क्रमांक 4 तथा कनौजा में वार्ड क्रमांक 5 में चुनाव होंगे। विकासखण्ड रायपुर कर्चुलियान में टिकुरी वार्ड क्रमांक एक तथा विकासखण्ड गंगेव में ग्राम पंचायत पटना में वार्ड क्रमांक एक, सहेबा में वार्ड क्रमांक 2, पिपरवार में वार्ड क्रमांक 3, कठेरी में वार्ड क्रमांक 4, गोदरी में वार्ड क्रमांक 5, महमूदपुर में वार्ड क्रमांक 6 एवं ग्राम पंचायत कटहा में वार्ड क्रमांक 7 में चुनाव होंगे। जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत दुबगंवा के वार्ड क्रमांक एक, छिरहटा वार्ड क्रमांक 2, शाहपुर वार्ड क्रमांक 3 तथा कटकी वार्ड क्रमांक 4 एवं जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत कोटहा खुर्द वार्ड क्रमांक एक, जमुई कला वार्ड क्रमांक 2 एवं ग्राम पंचायत कुड़री के वार्ड क्रमांक 3 में पंच पद के लिए चुनाव हो रहे हैं। जनपद पंचायत जवा में ग्राम पंचायत बरहुला में वार्ड क्रमांक एक, बरौली ठकुरान में वार्ड क्रमांक 2, जतरी वार्ड क्रमांक 3 में पंच पद के लिए चुनाव कराए जा रहे हैं। इनमें आवश्यक होने पर निर्धारित तिथि में मतदान कराया जाएगा।

मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम की सड़कों के सुधार कार्यों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर करेंगे निरीक्षण

रीवा। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम के अन्तर्गत सड़क सुधार अभियान के तहत किये गए कार्यों का आगामी तीन दिनों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया जायेगा। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा राज्य के सभी संभागों में मिलाकर लगभग 20 हजार किलो मीटर सड़कों को कवर किया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। निगम द्वारा ठेकेदारों को सड़क सुधार कार्य पूरा करने के लिए 10 दिन का समय दिया गया था, जिसकी समीक्षा और निरीक्षण अब वरिष्ठ अधिकारी करेंगे। निरीक्षण उपरांत अधिकारियों को 27 अगस्त तक अपने संभागों के अन्तर्गत सड़कों की मरम्मत और सुधार कार्यों का विस्तृत जांच प्रतिवेदन प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम को प्रस्तुत करना है। यह कदम सड़कों की गुणवत्ता और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रीवा एवं सीधी संभाग की सड़कों के निरीक्षण का दायित्व महाप्रबंधक मनोज गुप्ता एवं संभागीय प्रबंधक उमेश सिंह को सौंपा गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किसान 25 अगस्त तक करा सकते हैं बीमा

रीवा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2024 में अधिसूचित फसलों का बीमा 25 अगस्त तक कराया जा सकता है। प्राकृतिक कारणों से फसल की हानि होने पर बीमित किसानों को फसल क्षति में राहत राशि का भुगतान किया जाता है। ऋणी किसान बीमा कराने के लिए किसान क्रेडिट कार्ड पर फसल ऋण देने वाले बैंक अथवा सहकारी समिति से फसल बीमा करा सकते हैं। अऋणी किसान बैंक, जन सेवा केन्द्र (सीएससी) ग्राम पंचायत स्तर पर जन सेवा केन्द्र (सीएससी) के माध्यम से ऋण पुस्तिका, खसरा की प्रति, बैंक खाते की पासबुक की प्रति, आधार कार्ड की छायाप्रति और आधार से लिंक मोबाईल नंबर देकर बीमा के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इसके साथ-साथ पटवारी अथवा ग्राम पंचायत सचिव एवं किसान द्वारा स्वप्रमाणित फसल बुआई का प्रमाण पत्र तथा फसलवार प्रीमियम की राशि जमा करना आवश्यक होगा। फसल बीमा से संबंधित जानकारी के लिये कंपनी के जिला प्रतिनिधि भूपेन्द्र सेन मो.नं. 9685310344 और कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। उप संचालक कृषि कल्याण यूपी बागरी ने किसान भाईयों से अपील की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2024 हेतु फसल बीमा कराकर फसल हानि होने की स्थिति में बीमा का लाभ लें।

नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री आज रीवा एवं मऊगंज जिले के प्रवास पर

रीवा। नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी 24 अगस्त को रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा प्रातः 8 बजे रीवा राजनिवास सर्किट हाउस पहुंचेगी।

राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 27 अगस्त को

कलेक्टर करेंगी 27 अगस्त को राजस्व कार्यों की समीक्षा

रीवा। राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 27 अगस्त को शाम 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल राजस्व महाअभियान की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेखों में सुधार, नक्शा तरमीम तथा अन्य राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के प्रकरणों में ई केवाईसी, भू राजस्व की वसूली, अवैध कब्जा हटाने, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के वितरण तथा गौशालाओं के संचालन की भी समीक्षा की जाएगी। अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने सभी राजस्व अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

रीवा जिले में लक्ष्य से 101 प्रतिशत हुई खरीफ फसल की बोनी

अब तक 3.66 लाख हेक्टेयर में हुई फसलों की बोनी

रीवा

रीवा जिले की सभी तहसीलों में खरीफ फसल की बोनी का कार्य लगभग समाप्त हो रहा है। खरीफ की मुख्य फसल धान है। धान की रोपाई का भी कार्य लगभग पूरा हो गया है। कुछ क्षेत्रों में एक-दो किसान रोपाई कर रहे हैं। जिले में वर्ष 2024 में खरीफ फसल के लिए 3 लाख 64 हजार 160 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से सर्वाधिक क्षेत्र 2 लाख 66 हजार 210 हेक्टेयर धान का है। जिले में अब तक तीन लाख 66 हजार 50 हेक्टेयर में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। यह निर्धारित लक्ष्य का 101 प्रतिशत है। जिले में खरीफ फसल में सर्वाधिक दो लाख 67 हजार 420 हेक्टेयर क्षेत्र धान का है।

इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि हाल ही में अच्छी वर्षा से धान की रोपाई में तेजी आई है। धान की रोपाई का कार्य लगभग पूरा हो गया है। जिले में अब तक 3950 हेक्टेयर में ज्वार, 1120 हेक्टेयर में मक्का, 1390 हेक्टेयर में बाजरा, 5850 हेक्टेयर में कोदौ-कुटकी की बोनी हो चुकी है। दलहनी फसलों में 21470 हेक्टेयर में अरहर, 20430 हेक्टेयर में मूंग, 27780 हेक्टेयर में उड़द की बोनी हो चुकी है। तिलहनी फसलों में 15680 हेक्टेयर में तिल तथा 960 हेक्टेयर में सोयाबीन बोया गया है। खरीफ की फसलों में खरपतवार नियंत्रण तथा कीट नियंत्रण के प्रभावी उपाय करें।

ननि द्वारा कराई जा रही नाला एवं नालियों की साफ-सफाई

रीवा। निगमायुक्त के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान के तहत वर्षा ऋतु को देखते हुये नाला एवं नालियों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर कराया जा रहा है। दिनांक 23.08.2024 को नाला गैंग द्वारा वार्ड 35 बदरिया की सफाई कराई गई। वार्ड 13 नेहरू नगर मे बड़ा

नाला की सफाई, वार्ड 07 सिरमौर चौराहा फ्लाई ओवर के बगल की मिटटी की सफाई कराई गई। साथ ही चोरहटा बाईपास से लेकर नहर तक डिवाइडर एवं पटरी की सफाई कराई गई। पचमठा, वार्ड 26 छत्रपति नगर में पुलिस लाइन की सफाई, वार्ड 17 तानसेन काम्पलेक्स सीवर लाइन की सफाई एवं बसामन मामा गौशाला की सफाई कराई गई। साथ ही कचरे का उठाव टैक्टर एवं टैम्पों द्वारा कराया गया। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री बालगोविन्द चतुर्वेदी द्वारा शहर में भ्रमण कर सफाई कार्य एवं कचरा उठाव कार्य का निरीक्षण किया गया।

निगमायुक्त ने भ्रमण के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया दिशा निर्देश

रीवा। निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 23.08.2024 को नगर निगम रीवा क्षेत्र अंतर्गत नीम चौराहा, करहिया मंडी एवं ट्रांसपोर्ट नगर आदि स्थानों में भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिये गये। जिनमें वार्ड 8 करहिया रोड़ हनुमान मंदिर के पास स्थित श्मशान घाट में शेड, बाउड्रीबॉल आदि व्यवस्था बनाकर स्थल को सुरक्षित एवं विकसित करने के निर्देश दिये गये। नीम चौराहा, बोदाबाग सैनिक स्कूल के पास साफ सफाई एवं अतिक्रमण हटाये जाने के सख्त निर्देश दिये गये। ट्रांसपोर्ट नगर एवं अन्य स्थलों में अतिक्रमण कर लगाये गये ठेले, पान गोमती संचालन की आड में नशाखोरी का अडडा बना लिया गया है जिन्हे तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिये। प्रस्तावित इनवेस्टर समिट को देखते हुये चोरहटा बाइपास से रतहरा बाइपास तक रास्तों के अगल बगल पेवर ब्लाक जो दब गये है अथवा छतिग्रस्त हो गये है व जिन स्थानों में नही लगे है उसे पीडब्ल्यूडी से समन्वय कर तत्काल मरम्मत व लगाये जाने के निर्देश दिये गये जिससे साफ सफाई करने में आसानी हो एवं शहर की सुन्दरता बनी रहे।

अतिथि शिक्षकों ने मुख्यमंत्री के नाम भेजा ज्ञापन

रीवा। अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश जिला इकाई रीवा (भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध) ने अतिथि शिक्षकों की तात्कालिक समस्याओं को लेकर संघ के जिलाध्यक्ष रोहिणी द्विवेदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर रीवा को 5 सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौपा। मुख्यमंत्री को भेजे गये ज्ञापन में मांग की गई है कि उच्च शिक्षक प्रभार, ट्रांसफर, शिक्षक भर्ती तथा युक्ति कारण से यदि कार्यरत अतिथि शिक्षक प्रभावित होता है तो ऐसे अतिथि शिक्षकों के लिए अतिथि शिक्षक भर्ती में प्राथमिकता देने के अलावा प्रभावित हुए अतिथि शिक्षकों को अन्यत्र अन्य स्कूलो में

समायोजित कराया जाय। अतिथि शिक्षक भर्ती 2024-25 स्कूल शिक्षा विभाग का आदेश एवं निर्देश पत्र विसंगतिपूर्ण होने के कारण हजारों की संख्या में अप्रशिक्षित (जिनका बीएड/डीएड की योग्यता नहीं है) तथा 'म.प्र.शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण' नहीं होने के साथ-साथ अतिथि शिक्षकों को आफ लाइन एवं ऑन लाइन ज्वाइनिंग मिल चुकी है जबकि विगत सत्र में कार्यरत और 100 प्रतिशत रिजल्ट देने वाले योग्य अतिथि शिक्षकों को ज्वाइनिंग नहीं दिया जा रहा है जिसे अवसर प्रदान किया जाय, प्रदेश में ऐसे भी अतिथि शिक्षक है जिन्होने विगत सत्र के पूर्व भी लंबी सेवाएँ दी है वे अभी भी बाहर है, उनके कार्य अनुभव को देखते हुए उदारता पूर्वक विचार कर अतिथि शिक्षक भर्ती में अवसर प्रदान किया जाए। म.प्र.शिक्षक भर्ती में उच्च शिक्षा विभाग के अतिथि विद्वानों के समान सभी वर्गो में कार्य अनुभव का दो अंक प्रतिवर्ष के मान से अधिकतम 20 बोनस अंक देकर काउंसलिंग कराते हुए भविष्य सुरक्षित किया जाय, पांच वर्ष से अधिक का शिक्षण कार्य अनुभव प्राप्त तथा म.प्र.शिक्षक भर्ती की न्यूनतम आर्हता प्राप्त अतिथि शिक्षकों को सभी वर्गो में अनुभव का लाभ देकर पृथक से काउसलिंग कराकर अतिथि शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित किया जाय। ज्ञापन के दौरान अनीता मिश्रा, अंबालिका पाण्डेय, प्रतिज्ञा सिंह, जया रानी नामदेव, वृजेश तिवारी, उमेश सिंह, संतकुमार सिंह, रोहणी द्विवेदी, श्रीनिवास द्विवेदी आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी, आर.एन.आई नं. 47589/88, डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833